डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमा- 13 देशों में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं पवनदीप राजन

वर्ष -08 अंक -129 | प्रयागराज, गुरुवार 28, जुलाई, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### 'न्यायाधीशों को निशाना बनाने की कोई सीमा होती है'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया से जताई नाराजगी'न्यायाधीशों को निशाना बनाने की कोई सीमा होती है', सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया से जताई नाराजगीउच्चतम न्यायालय(एल्जिस ण्दल्ी) ने देशभर में ईसाई संस्थानों और पादरियों पर बढ़ते हमलों का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई में देरी करने की मीडिया में आयी खबरों पर नाखुशी जताते हुए गुरुवार को कहा कि न्यायाधीशों को निशाना बनाने की एक सीमा होती है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि हम पर दबाव बनाना बंद करें। पीठ ने कहा कि पिछली बार मामले पर सुनवाई नहीं की जा सकी थी क्योंकि मैं कोविड-19 से संक्रमित था। आपने अखबारों में छपवाया कि उच्चतम न्यायालय सुनवाई में देरी कर रहा है। देखिए, न्यायाधीशों को निशाना बनाने की एक सीमा होती है। ये सभी खबरें कौन देता है हम पर दबाव बनाना बंद कीजिएः डी वाई चंद्रचूड़ डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने आगे कहा कि ऑनलाइन खबरों में बताया जा रहा है कि न्यायाधीश सुनवाई में देरी कर रहे हैं।

## एमसीडी चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट में आप ने दायर की याचिका, 5 अगस्त को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** आप की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने पिछले सप्ताह पीठ को बताया था कि दिल्ली में तीन नगर निगम हैं और उनकी अवधि इस साल मई के मध्य में समाप्त हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा दायर एक याचिका पर 5 अगस्त को सुनवाई करेगा, जिसने राष्ट्रीय राजधानी में वार्डों के परिसीमन के आधार पर दिल्ली नगर निगमों (एमसीडी) के चुनावों को स्थगित करने को चुनौती दी है। केंद्र ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से पेश होने वाले वकील सलाह देने पर लिखित नोट या दलीलें भी दाखिल कर सकते हैं। केंद्र की ओर से पेश हुई अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। भाटी ने पीठ से कहा कि मैं जवाब दाखिल करने का अनुरोध कर रही हूं। पीठ ने कहा कि इस मामले को 5 अगस्त को सूचीबद्ध करें। 20 जुलाई को शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को केंद्रीय एजेंसी सहित प्रतिवादियों के स्थायी वकील को याचिका की अग्रिम प्रति देने की छूट दी। आप ने याचिका में विशेष अधिकारी के माध्यम से केंद्र, राज्य चुनाव आयोग और एमसीडी को प्रतिवादी बनाया है। आप की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने पिछले सप्ताह पीठ को बताया था कि दिल्ली में तीन नगर निगम हैं और उनकी अवधि इस साल मई के मध्य में समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा था कि तीनों एमसीडी का एकीकरण हो गया है, एकीकरण के बाद चुनाव में देरी नहीं हो सकती। ईडी के निदेशक के कार्यकाल बढ़ाने की याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक के कार्यकाल को पांच साल तक बढ़ाने की अनुमति देने वाले संशोधित कानून और संजय कुमार मिश्रा को एक साल के विस्तार देने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ वकील बसवा प्रभु पाटिल की इस दलील पर गौर किया कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के नेता साकेत गोखले की याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की जरूरत है। टीएमसी के प्रवक्ता गोखले के अलावा अन्य ने भी शीर्ष अदालत में इस संबंध में कार्यकाल विस्तार और सक्षम संशोधित कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर की हैं। हम इसे कल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेंगे।



## पीएम ने साबर डेयरी प्लांट का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** बोले- गुजरात की अर्थव्यवस्था होगी और मजबूतप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हिम्मतनगर पहुंचे। उन्होंने यहां साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (सबर डेयरी) के 305 करोड़ रुपये के मिल्क पाउडर संयंत्र का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने साबर डेयरी की 1000 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इसके बाद पीएम मोदी ने अपना संबोधन भी दिया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज साबर डेयरी का विस्तार हुआ है। सैकड़ों करोड़ रुपए के नए प्रोजेक्ट यहां लग रहे हैं। आधुनिक टेक्नॉलॉजी से लैस मिल्क पाउडर प्लांट और ए-सेप्टिक पैकिंग सेक्शन में एक और लाइन जुड़ने से साबर डेयरी की क्षमता और अधिक बढ़ जाएगी। दो दशक पहले यहां क्या स्थितियां थीं ये सभी लोग जानते हैंः पीएम पीएम मोदी ने कहा कि दो दशक पहले यहां क्या स्थितियां थीं, ये आप भी जानते हैं और मैंने भी भलीभांति देखा है। आजकल हम गुजरात के कई हिस्सों में अतिवर्षा की चुनौती से जूझ रहे हैं। लेकिन बारिश आना ही गुजराती के लिए इतना बड़ा सुख और संतोष होता है, इसका अंदाजा बाहर के लोगों को नहीं है।



## 'पखांडियों से नहीं राष्ट्रपति से माफी मांगूंगा'

**नई दिल्ली।** अधीर रंजन ने भाजपा पर लगाया यह आरोपकांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए गए बयान के क्रम में भाजपा पर राई का पहाण बनाने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरी तरफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और अपनी टिप्पणी के लिए लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए एक नोटिस भेजा है। कांग्रेस के लोकसभा में नेता अधीर रंजन चौधरी के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज है। इसी बीच, गुरुवार को एक बार फिर अधीर रंजन चौधरी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अपने बयान के लिए वे राष्ट्रपति मुर्मू से माफी मांग लेंगे, लेकिन इन पाखंडियों से माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने भाजपा पर इस मुद्दे पर 'राई से पहाड़' बनाने का भी आरोप लगाया। वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने और अपनी टिप्पणी के लिए लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए एक नोटिस भेजा है। इस मामले में सुनवाई 3 अगस्त को सुबह 11:30 बजे निर्धारित की गई है। एनसीडब्ल्यू ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी इस मामले में हस्तक्षेप करने और अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ उनकी अपमानजनक टिप्पणी के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए लिखा है। भाजपा ने कांग्रेस और चौधरी के खिलाफ खोला मोर्चा दरअसल, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग किया था। उनके इस बयान के बाद बीजेपी ने कांग्रेस और अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इसे लेकर कांग्रेस पर हमला करते हुए उसे आदिवासी विरोधी, महिला विरोधी और गरीब विरोधी बताया।



## जब घायल जवानों ने लगाया आतंकियों को ठिकाने, पढ़ें वीरता पदक से सम्मानित जांबाजों की कहानी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्वीट के जरिए सीआरपीएफ को शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिखा, सीआरपीएफ के सभी कर्मियों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई। इस फोर्स ने अपने अदम्य साहस और विशिष्ट सेवा के जरिए खुद को प्रतिष्ठित किया है। सुरक्षा चुनौतियों या मानवीय चुनौतियों से निपटने में सीआरपीएफ की सराहनीय भूमिका रही है सीआरपीएफ ने 84वें स्थापना दिवस पर अधिकारियों और जवानों की वीरता का सम्मान किया है। वसंत कुंज स्थित शौर्य सीआरपीएफ अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को आयोजित अलंकरण समारोह में 107 अधिकारियों एवं जवानों को वीरता पदक प्रदान किए गए। इनमें से कई जांबाज ऐसे थे, जिन्होंने खुद घायल होने के बावजूद आतंकियों को ठिकाने लगा दिया। कुछ ऐसे जवान भी रहे, जिन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश के लिए अपनी शहादत दे दी। इन शहीदों का वीरता पदक उनकी पतिन्यों यानी वीर नारियों ने ग्रहण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ट्वीट के जरिए सीआरपीएफ को शुभकामनाएं दी। उन्होंने लिखा, सीआरपीएफ के सभी कर्मियों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई। इस फोर्स ने अपने अदम्य साहस और विशिष्ट सेवा के जरिए खुद को प्रतिष्ठित किया है। सुरक्षा चुनौतियों या मानवीय चुनौतियों से निपटने में सीआरपीएफ की सराहनीय भूमिका रही है। डीजी कुलदीप सिंह ने अधिकारियों और जवानों को वीरता पदक प्रदान किए। आमने-सामने की लड़ाई में आतंकी को मार गिराया 23 जून 2020 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर 182वीं बटालियन सीआरपीएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान अचानक एक आतंकवादी ने भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। तभी दल में सबसे आगे चल रहे हवलदार काले सुनील दत्तात्रेय ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना, आमने-सामने की लड़ाई में उस आतंकवादी को मार गिराया।



## 100 करोड़ के घोटाले में फंसे पार्थ चटर्जी से मंत्री पद छिना

**नई दिल्ली।** कार्रवाई के बाद ममता ने हटाया100 करोड़ से ज्यादा के बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार राज्य के उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी पर गाज गिर गई है। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार से मंत्रिमंडल से पार्थ की छुट्टी हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्थ को मंत्री पद से हटा दिया है। उन्हें तीनों मंत्रालयों से हटाया गया है। गिरफ्तारी के छह दिन बाद उन पर ममता बनर्जी ने कार्रवाई की है। इससे पहले पार्थ के इस्तीफे को लेकर जिस तरह से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में अंदर ही सुर उठने लगे थे, इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने अहम बैठक की। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कैबिनेट की बैठक की। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में भी पार्थ चटर्जी की मंत्री पद का मामला उठा। उल्लेखनीय है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ही पार्थ चटर्जी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सीएम ममता बनर्जी चटर्जी से पहले ही किनारा कर चुकी हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव कुणाल घोष ने उन्हें मंत्रिमंडल समेत सभी पदों से हटाने की मांग की थी।





## भरतपुर मामले में गहलोत को घेरने की तैयारी में भाजपा

**नई दिल्ली।** पार्टी सांसदों ने सौंपी नड्डा को रिपोर्टराजस्थान के भरतपुर में अवैध खनन और साधु विजय दास की मौत मामले में भाजपा की बनाई चार सदस्यों की फैक्ट फाइंडिंग हाई लेवल कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में कई अहम बातें निकलकर सामने आई हैं। सदस्यों ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भरतपुर में पूरा अवैध खनन राजस्थान सरकार के संरक्षण में हो रहा था। माफियाओं की खुली लूट थी। राजस्थान सरकार के मंत्री की इसमें सीधी मिलीभगत है। राज्य सरकार के संबंधित विभाग के अधिकारियों की इसमें मिलीभगत शामिल है। साथ ही ईडी और एनजीटी जैसी एजेंसियों से भी राजस्थान में कार्रवाई करने की मांग इस रिपोर्ट में उठाई गई है। जेपी नड्डा ने साधा राजस्थान सरकार पर निशाना फैक्ट फाइंडिंग हाई लेवल कमेटी में शामिल एक सांसद ने अमर उजाला को बताया कि इस मामले की राजस्थान सरकार निष्पक्ष जांच नहीं करा सकती। इसलिए साधु-संतों की मांग का भाजपा भी समर्थन करती है। इस मामले की जांच होनी ही होनी चाहिए। आज इस मसले से जुड़े बहुत सारे वीडियो बाहर घूम रहे हैं, जिसमें मंत्रियों को किस तरह पैसा देना है यह चल रहा है। धार्मिक स्थल और पूजा योग्य आदि बद्री और कनकाचल पर्वत ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में आता है। इसमें किसी तरह की छेड़छाड़ और माइनिंग नहीं होनी चाहिए। पर्यावरण की दृष्टि से इनका तुरंत बचाव करना चाहिए। एनजीटी को भी इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए। सीबीआई को कार्रवाई करके दोषियों को सजा दिलानी चाहिए। साधु विजय दास जी महाराज का बलिदान व्यर्थ नहीं जाए। यह पूरा अवैध खनन राजस्थान सरकार के संरक्षण में हो रहा था। माफियाओं की खुली लूट थी। राजस्थान सरकार के मंत्री, अफसरों की इसमें सीधे मिलीभगत है। इसकी जांच सीबीआई से होनी चाहिए। इस मसले पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट कर कहा, राजस्थान में साधु विजय दास के आत्मदाह और बड़े स्तर पर अवैध माइनिंग की जांच के लिए गठित भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट मिल गई है। यह रिपोर्ट राजस्थान में निराशाजनक रवैये और कंट्रोल से बाहर हो चुके माइनिंग माफिया राज को उजागर करती है। दरअसल, नड्डा ने कमेटी मेंबर में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद सत्यपाल सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक और सांसद बृजलाल यादव के साथ रिपोर्ट लेते और उस पर चर्चा करते फोटोग्राफ भी शेयर किए हैं। इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद और भाजपा प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी उनके साथ मौजूद रहे थे। यह है पूरा मामला दरअसल, राजस्थान के भरतपुर में स्थित दो पर्वत आदि बद्री और कनकाचल का पौराणिक महत्व है। इसी महत्व को देखते हुए यह दोनों पर्वत जन आस्था के केंद्र भी हैं। लेकिन इन दोनों पर्वत पर सरकारी स्तर पर एवं निजी स्तर पर खनन कार्य काफी दिनों से जारी था। इसी खनन को रोकने के लिए 550 दिन से भी ज्यादा समय से स्थानीय धाम के संत आंदोलन कर रहे थे। भरतपुर के पसोपा इलाके में चल रहे अवैध खनन को लेकर धरने के बीच खुद को आग लगाकर आत्मदाह करने वाले संत विजय दास का नई दिल्ली में 22 जुलाई की देर रात तीन बजे निधन हो गया था। वह सफदरजंग अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती थे। संत को गंभीर हालत में जयपुर से दिल्ली में शिफ्ट कराया गया था। संत ने 20 जुलाई को आत्मदाह किया था। इस घटना के पैकेट जुटाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चार सांसदों की एक हाई लेवल कमेटी गठित की थी। दूसरी ओर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संत विजय दास के परिवार वालों को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही बृज चौरासी कोस परिक्रमा में खनन को बंद करवाने के मुद्दे पर संत के आत्मदाह की जांच प्रमुख सचिव स्तर के अफसर से करवाने का फैसला किया है।



## भाजपा की चोर धरो जेल भरो रैली शुरू

**नई दिल्ली।** भाजपा कार्यालय से धर्मतल्ला तक जाएंगे कार्यकर्तापश्चिम बंगाल शिक्षक घोटाला को लेकर बंगाल भाजपा ने गुरुवार को चोर धरो-जेल भरो रैली शुरू किया। यह रैली भाजपा कार्यालय कॉलेज स्क्वायर से धर्मतल्ला तक जाएगी। भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदरा इस रैली का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री चोर हैं, उनके मंत्री चोर हैं यानि पूरी सरकार ही चोर है।' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तुरंत इस्तीफा दें, क्योंकि उनकी जानकारी के बिना कुछ भी नहीं हो सकता। जो पैसे मिला है, उसका दायित्व लेने से तृणमूल कांग्रेस बच रही है। यह तो केवल 25 फीसदी है, बाकी 75 फीसदी असली के पास है।



## राष्ट्रपति के खिलाफ अधीर के बयान पर बवाल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा से तीन और सांसद निलंबित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन की अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ आज भाजपा नेताओं ने लोकसभा में सोनिया गांधी से माफी की मांग की। भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि सोनिया गांधी, आपने द्रौपदी मुर्मू के अपमान को मंजूरी दी। सोनिया जी ने सर्वोच्च संवैधानिक पद पर महिला के अपमान को मंजूरी दी। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ टकराव में शामिल भाजपा सांसदों और मंत्रिपरिषद के खिलाफ शिकायत करने के लिए कांग्रेस सांसद लोकसभा अध्यक्ष से मिलेंगे। कांग्रेस सांसद स्पीकर से कहेंगे कि मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और घटना के वीडियो फुटेज को देखा जाए। केंद्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि पिछले वर्ष एक जुलाई से इस साल 30 जून तक विमानों में तकनीकी खराबी के कुल 478 मामलों की सूचना मिली है। सौगत राय के प्रश्न के लिखित उत्तर में नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि विमानों के परिचालन के दौरान उनके पुर्जों या उपकरणों में खराबी के कारण तकनीकी कठिनाइयों का अनुभव का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि एक जुलाई, 2021 से 30 जून, 2022 तक विमानों में तकनीकी खराबी के कुल 478 मामलों की सूचना मिली है। मंत्री ने कहा कि यात्रियों एवं विमानों की सुरक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) का एक निर्धारित निगरानी तंत्र है। राज्यसभा में सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि राष्ट्रपति के खिलाफ किसी को भी अपमानजनक शब्द नहीं कहना चाहिए। उन्होंने कहा 'इस तरह की टिप्पणी करना अच्छा नहीं है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों हुआ, लेकिन यह गलत है।'सभापति ने कहा कि संविधान सभा तक में राष्ट्रपति पर चर्चा की गई थी और तय किया गया था कि "राष्ट्रपति" शब्द का उपयोग किया जाएगा। भाजपा और विपक्ष के भारी हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आप सांसद सुशील कुमार गुप्ता और संदीप पाठक और निर्दलीय सांसद अजीत कुमार भुयान को सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए इस सप्ताह के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। संसद के दोनों सदनों में हंगामा लगातार जारी है।



## सीएम बोम्मई बोले, हालात की मांग रही तो कर्नाटक में भी लागू हो सकता है यूपी का योगी मॉडल

**नई दिल्ली।** जिला भाजपा युवा मोर्चा समिति के सदस्य प्रवीण नेत्तार की मंगलवार की रात तटीय जिले के बेल्लारे में उनकी ब्रायलर की दुकान के सामने बाइक सवार तीन लोगों ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि स्थिति की मांग होने पर देशविरोधी और सांप्रदायिक तत्वों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश का योगी मॉडल सरकार दक्षिण राज्य में भी लागू होगा। गुरुवार को अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के प्रदर्शन के लिए सौ में से सौ अंक दिए। हालांकि भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के कारण इस मौके पर होने वाला बड़ा कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। बोम्मई बोले, यूपी के लिए सीएम योगी ही सही बोम्मई ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थिति के लिए योगी आदित्यनाथ सही मुख्यमंत्री हैं। इसी तरह कर्नाटक में स्थिति से निपटने के लिए अलग-अलग तरीके हैं और उन सभी का इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर स्थिति की मांग हो तो कर्नाटक में भी योगी मॉडल लागू होगा। वह भाजपा और संघ परिवार समर्थकों के एक वर्ग की मांगों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। इन्होंने राज्य सरकार पर हिंदू कार्यकर्ताओं के जीवन की रक्षा के लिए खड़े नहीं होने का आरोप लगाते हुए योगी मॉडल का आह्वान किया है।



## पालिका परिषद और नगर पंचायत के 32 दागी अध्यक्षों की कुर्सी खतरे में

**प्रयागराज।** नगर विकास विभाग के पास 32 से अधिक निकाय के अध्यक्षों के खिलाफ गंभीर शिकायतें हैं। इनमें सरकारी धन का बंदरबांट, परिजनों को ठेका और नौकरी दिलाना शामिल है। इससे जुड़े कुछ मामले सतर्कता, ईओडब्लूयू और लोकायुक्त के यहां से भी आए हैं। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में चल रही धांधली व इसे बढ़ावा देने वाले अध्यक्षों की कार्यप्रणाली को लेकर शासन कड़ा रुख अपनाने जा रहा है। लोकायुक्त, सतर्कता और ईओडब्लूयू जैसी जांचों में आरोपों की पुष्टि होने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। नगर विकास विभाग के पास 32 से अधिक निकाय के अध्यक्षों के खिलाफ गंभीर शिकायतें हैं। इनमें सरकारी धन का बंदरबांट, परिजनों को ठेका और नौकरी दिलाना शामिल है।

## भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार अधिकारियों के आतंक से परेशान किसान

**(आधुनिक समाचार)**
**राकेश मिश्रा**

**बारा (प्रयागराज)।** आखिरकार कब लगेगा इन भ्रष्ट अधिकारियों पर अंकुश मामला जनपद प्रयागराज के कौंधियारा ब्लाक के मवैया ग्राम सभा भभोखर माइनर का है जहां पर कई सालों से नहर की सफाई नहीं हुई किसान पानी के लिए बदहाल है जिसके लिए किसान पंचायत आयोजित की गई थी भारतीय किसान यूनियन भानु के द्वारा और लिखित में ज्ञापन भी दिया जा चुका है कि नहरों की साफ सफाई करवा दिया जाए लेकिन आज तक मवैया ग्रामसभा भभोखर माइनर की आज तक सफाई नहीं हुई वहीं यदि 1 हफ्ते के अंदर नहर में पानी नहीं आया तो हम लोग किसान पंचायत आयोजित कर निणन्य कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे सुनिश्चित करने के बाद अधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा निवेदक समस्त किसान किसान साथी विनय शुक्ला जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु मंडल ।

## सप्ताह भर बाद भी ट्रक चोरों का सुराग लगाने में बेल्हा पुलिस नाकाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़ ।**थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के चिलबिला महुली मंडी




एफसीआई गोदाम से बीते 16 जुलाई शको भोर में 14 चक्का ट्रक गायब हो गया जिसका पता लगाने में पुलिस अभी तक नाकाम रही है। ट्रक ड्राइवर ट्रक लेकर यफ सी आई गोदाम से गेहूँ की बोरी लादने ट्रक नंबर यूपी 70 एच,टी,1366 महुली मंडी गेट के पास ट्रक खड़ी करके ड्राईबर चला गया था।सुबह जब गोदाम के पास पहुँचा तो आँखे खुली की खुली रह गयी वहाँ से ट्रक गायब हो गयी थी।ड्राइवर ने आनन फानन में ट्रक मालिक विवेक सिंह डीहा कुण्डा को फोन करके बताया कि ट्रक चोरी हो गया है। फोन सुनते ही विवेक सिंह के पैरों तले जमीन खिसक गई।वह भागकर मौके पर पहुँचे और कोतवाली नगर में यफ,आई,आर, दर्ज करवाया। ट्रक चोरी हुए 10 दिन बीत गए परंतु आज तक पुलिस ट्रक नही ढूँढ पाई। पुलिस के हाथ अब तक पूरी तरह खाली है ट्रक महुली मंडी के पास यफ सी आई गोदाम मे गेहूँ की बोरी ढोने प्रतिदिन जाता था। बड़ा सवाल आखिर जहाँ पुलिस प्रशासन की लापरवाही से ट्रक मालिक विवेक सिंह जौनपुर प्रयागराज सुल्तानपुर अन्य जनपदों मे खोजबीन कर रहे हैं। वही मामले को लेकर आम जनमानस में पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैया पर भारी आक्रोश व्याप्त है ।

## मनचाहे जिले में नियुक्ति का रास्ता साफ, हाईकोर्ट ने बीएसए को दिया नोड्यूज देने का आदेश

**प्रयागराज।** यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने रोहित कुमार व 56 अन्य, अतुल मिश्र व 61 अन्य, राघवेन्द्र प्रताप सिंह व 14 अन्य, दीपक वर्मा व 77 अन्य, रूबी निगम व 25 अन्य की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिया है। सहायक



अध्यापक भर्ती 2018 में चयनित व कार्यरत सहायक अध्यापकों के लिए राहत भरी खबर है। इलाहाबाद हाईकोर्ट कोर्ट ने कहा है कि संबंधित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यरत चयनित अध्यापकों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अनापत्ति प्रदान करें और उन्हें मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग में शामिल होने देने व मनचाहे जिले में नियुक्ति की अनुमति दी जाए। यह कार्यवाही चार हफ्ते में पूरी की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने रोहित कुमार व 56 अन्य, अतुल मिश्र व 61 अन्य, राघवेन्द्र प्रताप सिंह व 14 अन्य, दीपक वर्मा व 77 अन्य, रूबी निगम व 25 अन्य की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश का लाभ उन्हें भी मिलेगा, जो कोर्ट नहीं आ सके, किंतु शासनादेश से प्रभावित हैं। कोर्ट ने चार दिसंबर 20 के शासनादेश के पैरा 5(1) को मनमाना पूर्ण, विभेदकारी, अतार्किक करार देते हुए रद्द कर दिया है। इस शासनादेश में चयन में शामिल होने के लिए अनापत्ति पर रोक लगाई गई है। जबकि याचियों की ओर से कहा गया है कि इस शासनादेश से प्रभावित सभी अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में 1981 की सेवा नियमावली के तहत शामिल होकर पसंद के जिले में नियुक्ति पाने का अधिकार है। याचियों का कहना था कि वे विभिन्न जिलों में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनका चयन 2018 की भर्ती में भी हुआ है। उन्हें काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए बीएसए द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं दिया जा रहा है।

## बीकेटी में करोड़ों में खरीदी 54 हजार वर्गफीट जमीन विवाद में डूबी रकम

**प्रयागराज।** पुलिस के अनुसार, लगातार आर्थिक रूप से तंगी की तरफ जा रहे शैलेंद्र डिप्रेशन का शिकार हो गए और इसी कारण खुदकुशी कर ली। जानकीपुरम के सुल्तानपुर गांव निवासी जेई शैलेंद्र कुमार, उनकी पतनी गीता व बेटी प्राची के बुधवार को जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार, शैलेंद्र ने बख्शी का तालाब में 54 हजार वर्गफीट जमीन खरीदी थी जो विवादित निकली। इस विवादित जमीन में करोड़ों रुपये डूब गए। वह जमीन बेचना चाहता था, लेकिन खरीदार नहीं मिल रहे थे। दो ने एग्रीमेंट कराया तो रजिस्ट्री नहीं कर सका। वहीं एक ने लोन कराने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए। पुलिस के अनुसार, लगातार आर्थिक रूप से तंगी की तरफ जा रहे शैलेंद्र डिप्रेशन का शिकार हो गए और इसी कारण खुदकुशी कर ली। उधर, बृहस्पतिवार सुबह बेटा प्रशांत लखनऊ पहुंचा। इसके बाद इटौंजा के असनहा में परिवारीजनों ने तीनों शवों का अंतिम संस्कार किया। प्रभारी निरीक्षक जानकीपुरम छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सिंचाई विभाग के नलकूप विंग में जेई इटौंजा के असनहा निवासी शैलेंद्र ने 2014 में एक प्रॉपर्टी डीलर से बीकेटी में 54 हजार वर्गफीट जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री के बाद जब दाखिल खारिज कराने पहुंचा तो पता चला कि जमीन विवादित है। रजिस्ट्री दिखाकर मोबीन और नरेंद्र प्रताप को एग्रीमेंट किया। शैलेंद्र ने मोबीन से 9 लाख रुपये और नरेंद्र से 10 लाख रुपये लिए थे। लेकिन दोनों को रजिस्ट्री नहीं कर पा रहा था। इसी बीच शैलेंद्र के विपक्षियों ने सिविल कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया जिससे वह और परेशान हो गया। पुलिस के मुताबिक, जांच में सामने आया है कि इसी जमीन पर


मृतक का फाइल फोटो

शैलेंद्र लोन कराना चाहता था ताकि उससे निर्माण कराकर कमाई की जा सके। इस काम के लिए शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने ठेका लिया था और लाखों रुपये शैलेंद्र से लिए थे लेकिन लोन के लिए रिश्वत की रकम भी डूब गई। बुधवार सुबह उन्होंने पतनी गीता और बेटी प्राची केसाथ जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पेट में पेस्ट्री के अंश मिले हैं। तीनों का बिसरा सुरक्षित कर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है। पुलिस ने देर रात ऐशबाग मोतीझील निवासी साले राजकुमार की तहरीर पर चार लोगों शैलेंद्र श्रीवास्तव, मोबीन खान, नरेंद्र प्रताप सिंह और संतोष शुक्ला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने देर रात तीन को हिरासत में ले लिया था। संतोष शुक्ला की तलाश की जा रही है। नौकरी लगवाने के नाम पर लिए थे रुपये पुलिस हिरासत में आरोपियों शैलेंद्र श्रीवास्तव, नरेंद्र और मोबीन से पूछताछ में सामने आया है कि जेई शैलेंद्र ने नौकरी लगवाने के नाम पर कुछ लोगों से रुपये लिये थे। इसमें संतोष शुक्ला भी शामिल था। संतोष की जेई शैलेंद्र से मुलाकात शैलेंद्र श्रीवास्तव ने ही कराई थी। कितने रुपये लिए, इसकी जानकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव ने नहीं दी। वहीं नौकरी न लगने पर संतोष ने तकादा शुरू किया। इससे बचने के लिए जेई शैलेंद्र ने अपने करीबी मित्र शैलेंद्र श्रीवास्तव से एक ऑफर संतोष के लिए दिया। कहा कि उससे कुछ जमीन रजिस्ट्री कराने को कह दो। शैलेंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक, संतोष तैयार हो गया लेकिन जमीन की हकीकत मालूम होते ही वह पीछे हट गया। वह अपने रुपये वापस मांग रहा था। पुलिस खंगाल रही जमीनों की रजिस्ट्री डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी के मुताबिक, खुदकुशी के मामले में जमीन का मामला ज्यादा आ रहा है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम को निर्देश दिया गया है कि वह शैलेंद्र कुमार, उनकी पतनी व परिवार के सदस्यों के नाम से रजिस्ट्री हुई सारी जमीनों का ब्योरा जुटाएं ताकि पता चल सके कि क्या विवाद है। कितनी जमीन शैलेंद्र ने खरीदी थी।

## 05 अन्तर्जनपदीय शातिर लुटेरे पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार, लूट की घटनाओं का सफल अनावरण 39,500/ नगदी, लूटी गयी मोटरसाइकिल, अवैध शस्त्र, कारतूस व पीडित के कागजात बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आशीष त्रिवेदी**

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के त्वरित अनावरण एवम् अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ0 राजीव दीक्षित के निकट पर्यवेक्षण व अ0पु0अ0/क्षेत्राधिकारी नगर श्री पीयूष सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रान्च व थाना कोतवली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20.07.2022 को कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत मंडी गेट के पास हुई घटना का सफल अनावरण करते हुये बाईपास कनवाखेडा मोड़ से पुलिस मुठभेड़ में 05 लुटेरो 1.प्रयांशु उर्फ लालू पुत्र बड़कन्ने लाल राठौर निवासी मो0 रामनगर थाना मिश्रित जनपद सीतापुर 2.विशाल उर्फ गोल्डी पुत्र अमर सिंह पाल निवासी ग्राम बाबर अली खेडा थाना सफीपुर जिला उननव 3.मो0 फरमान पुत्र मो0 फईम निवासी म0न0547/162 जलालपुर फाटक सिम्बर सिंह आटा चक्की के बाद जलालपुर पार्क थाना पारा जनपद लखनऊ 4.अनिल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवीस ग्राम समशापुर थाना कछौना जनपद हरदोई 5.ऋषि दीक्षित पुत्र बृजेश कुमार दीक्षित निवासी ग्राम लोधौरा थाना मिश्रित जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है अभियुक्तों से मौके पर जनपद लखनऊ के थाना दुबग्गा क्षेत्र से लूटी गयी मोटसाइकिल व जनपद सीतापुर की घटना से सम्बन्धित 39,500/- रुपये नगद, 01 अदद काला बैग (पीडित/मजरुब से सम्बन्धित कागजात), घटना में प्रयुक्त 05 अदद अवैध तमन्चा 10 अदद जिन्दा/खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुये। अभियुक्तगण शातिर अंतर्जनपदीय अपराधी है। जिनके विरुद्ध जनपद सीतापुर सहित लखनऊ, उननव में भी लूट/चोरी आदि अपराधों में कई अभियोग पंजीकृत है।



## मुकदमों की बेहतर पैरवी करें शासकीय अधिवक्ता- जिलाधिकारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़ ।**जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में शासकीय अधिवक्ताओं (सिविल/फौजदारी) एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, गोवंश निवारण अधिनियम, गैंगेस्टर एक्ट, आईपीसी/सीआरपीसी के अन्तर्गत दर्ज मुकदमों, आबकारी अधिनियम, पास्को एक्ट, एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत दर्ज मुकदमों के निस्तारण की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि गम्भीर धाराओं में दर्ज मुकदमों की प्रभावी पैरवी की जाये तथा शासन के मंशा के अनुरूप अपराधियों को सजा दिलवायी जाये। शासकीय अधिवक्ताओं से विगत 03 माह के मुकदमों के निस्तारण की समीक्षा करने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया शासकीय अधिवक्ता मुकदमों की प्रभावी पैरवी करें तथा प्रतिमाह निस्तारण योग्य मुकदमों को चिन्हित कर उन मुकदमों में विवेचना के स्तर पर तथा अभियोजन के स्तर पर इसका परीक्षण कर लिया जाये ताकि कोई भी अपराधी छूट न पाये। जिलाधिकारी ने सभी शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि उनके द्वारा प्रतिमाह मुकदमों के सम्बन्ध में प्रगति रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाती है, मुकदमों के निस्तारण में काफी विलम्ब हो रहा है जिस पर शासन द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्त की गयी है। जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने के लिये यदि विवेचना के स्तर पर कोई सहयोग चाहिये तो पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को अवगत करा सकते है किन्तु लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देशित किया कि जिन शासकीय अधिवक्ताओं के पिछले तीन माह में प्रगति सन्तोषजनक नही है उन्हें कारण बताओ नोटिस निर्गत की जाये और उनके द्वारा दिये गये प्रतिउत्तर को शासन को प्रेषित किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, संयुक्त निदेशक अभियोजन हवलदार सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, डीजीसी योगेश कुमार शर्मा, शासकीय अधिवक्ता फौजदारी/सिविल, सभी अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे।

## आठ कालेजों में हो रही बी0एड0की परीक्षा,लालगंज में तीन परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़ ।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज में चल रही विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा बी0ए0तृतीय सेमेस्टर एवं भूतपूर्व, बैक



परीक्षा में 3 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि कालेज उड़ाका दल पूरी सतर्कता बरत रहा है।किसी भी छात्र को अनुचित साधन के प्रयोग पर रस्टीकेट किया जा सकता है। 28जुलाई की प्रथम पाली की परीक्षा में 642उपस्थित तथा 3अनुपस्थित रहे।परीक्षा के संचालन में डॉ0राजेन्द्र मिश्र, डॉ0 आलोक दुबे,डॉ0ऋचा पांडे, डॉ0 वाचस्पति मिश्र,डॉ0दिनेश त्रिपाठी,डॉ0ऐश्वर्य तिवारी,डॉ0 सीमा त्रिपाठी, डॉक्टर फणींद्र नारायण मिश्र आदि प्राध्यापक अपना योगदान दे रहे है।

## 13 आईएएस व 20 पीसीएस के ट्रांसफर, एस राजलिंगम वाराणसी के नए जिलाधिकारी

**प्रयागराज।**बलरामपुर की डीएम श्रुवि को फतेहपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। राजेंद्र प्रताप सिंह को चित्रकूट धाम मंडल का कमिशन्र बनाया गया है। संजय कुमार को प्रबंध निदेशक-उत्तर प्रदेश राज्य



सड़क परिवहन निगम की जिम्मेदारी दी गई है। यूपी सरकार ने 13 आईएएस और 20 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कुशीनगर के डीएम रहे एस राजलिंगम को वाराणसी का नया डीएम बनाया गया है। बलरामपुर की डीएम श्रुवि को फतेहपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। राजेंद्र प्रताप सिंह को चित्रकूट धाम मंडल का कमिशन्र बनाया गया है। संजय कुमार को प्रबंध निदेशक-उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की जिम्मेदारी दी गई है। संजय गोयल को झांसी मंडल का कमिशन्र और वाराणसी के डीएम रहे कौशल राज शर्मा को प्रयागराज मंडल का कमिशन्र बनाया गया है। रवींद्र कुमार प्रथम को कुशीनगर का डीएम, अपूर्वा दुबे को उननव का डीएम, श्रुति को फतेहपुर का डीएम, महेंद्र कुमार को बलरामपुर का डीएम बनाया गया है इसके अलावा सुधीर कुमार को कानपुर नगर का सीडीओ, मृदुल चौधरी को परियोजना निदेशक-ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। सुधा वर्मा को संयुक्त राज्य निर्वाचन आयुक्त, हिमांशु नागपाल को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कानपुर नगर बनाया गया है। पूजा अगिन्होत्री को उप निदेशक पर्यटन निदेशालय, गौरव शुक्ला को उपनिदेशक बाल विकास पुष्टाहार निदेशालय, नंदलाल सिंह को संयुक्त ग्राम्य विकास बनाया गया है।

## बच्चों का 28 जुलाई को कराया जायेगा स्वर्णप्राशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़ ।**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 सरोज शंकर राम ने बताया कि आयुर्वेद विभाग एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में दिनांक 28 जुलाई को 50 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को स्वर्णप्राशन करवाया जायेगा। बच्चों की रोग प्रतिरोध क्षमता अर्थात इम्यूनिटी बढ़ाने, यथोचित शारीरिक व मानसिक विकास एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिये आयुर्वेद में महर्षि कश्यप द्वारा स्वर्णप्राशन का उल्लेख हैं। स्वर्ण भस्म, ब्राह्मी, शंखपुष्पी आदि औषधियों से निर्मित स्वर्णप्राशन की दवा से लाभान्वित होने के लिये प्रथम चरण में 6 माह से 6 साल तक के बच्चों का चयन किया गया है। उन्होने बताया है कि घर में जब बच्चे का जन्म होता है तब माता पिता बच्चे के बेहतर स्वास्थ्य के लिये और बीमारियों से बचाने के लिये कुछ प्राचीन संस्कार अपनाते है ताकि बच्चा निरोगी और बीमारियों से लड़ने में पूरी तरह से सक्षम रहे।

## पीएम स्वानिधि योजना में लापरवाही बरतने वाले शाखा प्रबन्धकों एवं ईओ के विरूद्ध की होगी कार्यवाही-डॉ0नितिन बंसल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़ ।**जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम स्वनिधि योजना एवं उ0प्र0 भवन एवं अन्य सनिर्न्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड/श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डेन कार्ड जारी किये जाने के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन पत्र बैंक स्तर पर लम्बित होने, ऋण स्वीकृत में विलम्ब किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि जिन बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत आवेदन लम्बित होने एवं ऋण स्वीकृत करने में लापरवाही बरती गयी है उन बैंक शाखाओं के प्रबन्धकों के विरूद्ध राज्य स्तरीय बैंक समन्वय समिति एवं बैंक के उच्चाधिकारियों को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जाये तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवास जहां पर प्रथम किस्त निर्गत कर दी गयी है और अभी तक आवास नही बनाये गये है इसकी समीक्षा करके आवासों को पूर्ण करायें और यदि कोई आवास गलत पाया जाता है तो चयनित करने वाली संस्था तथा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अन्तर्गत निर्माण कायी की भी समीक्षा की और नगर पालिका/समस्त नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों निर्देश दिया विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल पूर्ण करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा की और सहायक श्रमायुक्त आर0के0 पाठक को निर्देशित किया कि पंजीकृत श्रमिकों की सूची मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय व सीएससी एवं राशन की दुकानों में उपलब्ध करा दी जाय जिससे लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जा सके, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, सहायक श्रमायुक्त आर0के0 पाठक, एलडीएम अमित बाजपेयी, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अगस्त के अंत तक तैयार हो जाएगी प्लिंथ, गर्भगृह के महापीठ की परिक्रमा पथ का निर्माण पूरा

**प्रयागराज।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्लिंथ में अब केवल 4600 पत्थर लगने शेष बचे हैं। प्लिंथ में कुल 17 हजार ग्रेनाइट के



पत्थर लगने हैं अब तक 12 हजार से अधिक पत्थर लग चुके हैं। रामजन्मभूमि परिसर में राममंदिर के गर्भगृह, प्लिंथ व रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने परिसर में हो रहे निर्माण कार्य की तस्वीर गुरुवार को सोशल मीडिया पर जारी मंदिर निर्माण की प्रगति से रामभक्तों को अवगत कराया। गर्भगृह के महापीठ के परिक्रमा पथ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गर्भगृह में अब तक 210 पत्थर बिछाए जा चुके हैं। वहीं प्लिंथ का काम अगस्त के मध्य या अंत तक पूरा हो जाएगा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्लिंथ में अब केवल 4600 पत्थर लगने शेष बचे हैं। प्लिंथ में कुल 17 हजार ग्रेनाइट के पत्थर लगने हैं अब तक 12 हजार से अधिक पत्थर लग चुके हैं। बताया कि प्लिंथ का काम 20 अगस्त तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने गर्भगृह निर्माण की प्रगति बताते हुए कहा कि गर्भगृह की महापीठ के परिक्रमा पथ का निर्माण पूरा कर लिया गया है। महापीठ वह स्थल है जहां भगवान रामलला विराजेंगे। कहा कि महापीठ के चारों तरफ एक गलियारा बनाया जा रहा है जो महापीठ का परिक्रमा पथ है। जहां से भगवान के गर्भगृह की परिक्रमा की जा सकेगी। मंदिर की परिक्रमा के लिए एक विशाल परिक्रमा पथ अलग से प्रस्तावित है। करीब 20 फीट चौड़े परिक्रमा पथ में एक साथ पांच हजार भक्त परिक्रमा कर सकेंगे। गर्भगृह में अब तक 210 पत्थर बिछाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए 12 मीटर गहरी रिटेनिंग वॉल का 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कहा कि अब तक सात मीटर दीवार बनकर तैयार है। बताया कि जन्मभूमि परिसर में यात्री सुविधा केंद्र के लिए शीघ्र ही विकास प्राधिकरण में नक्शा पास कराने के लिए भेजा जाएगा। इसकी डिजाइन व ड्राइंग इंजीनियर तैयार करने में जुटे हैं।

# मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व मे बनारस-प्रयागराज मार्ग के दोहरी करण विद्युतीकृत ट्रायल का हुआ अंतिम निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

**बलिया (वाराणसी)।** परिचालन की सुगमता एवं मूलभूत ढाँचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर बनारस-प्रयागराज दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत हँड़िया खास,रामनाथपुर 18किमी रेल खण्ड का दोहरी करण विद्युतीकरण कार्य के अंतिम चरण में रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण



के पूर्व आज गुरुवार को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री ए.के.शुक्ला द्वारा नवविद्युतीकृत खण्ड का ट्रायल एवं निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर ऊँ॰ श्री पंकज केशरवानी,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सामान्य ए0के0 सिंह,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार श्री रजत प्रिय एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य)श्री ए.के.सक्सेना एवं रेल विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक विद्युत श्री पियूष सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री ए.के.शुक्ला द्वारा गुरुवार को इस विद्युतीकरण सहित नवनिर्मित दोहरी लाइन का निरीक्षण एवं विद्युत इंजन से ट्रायल किया।प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियरसुबह बनारस स्टेशन से लाइट गुड्स से रवाना होकर हंडिया खास स्टेशन पहुँचे और वहाँ से टावर वैगन से रवाना होकर किमी संख्या -292/9 पर लोकेशन,किमी संख्या- 294/5-8 पर रेल ओवर ब्रिज, किमी संख्या-295/7-11 पर पावर लाइन क्रासिंग,किमीसंख्या-303 पर ब्रिज संख्या-95, किमी संख्या-305/0-1 पर लेवल क्रासिंग संख्या-60 स्पेशल का निरीक्षण करते हुए रामनाथ पुर स्टेशन पहुँचे और स्टेशन पर संस्थापित नए उपकरणों का गहन निरीक्षण किया इसके साथ ही विद्युतीकरण के मानक के अनुरूप यार्ड प्लान इंटर लॉकिंग, ट्रैक सर्किट,स्टेशन वर्किंग रूल, स्टेशन पावर पैनल, इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम, इमरजेंसी कैंसिलेशन वीडर काउंटर,बर्थिंग ट्रैक,ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊंचाई, विद्युतीकरण के अनुरूप समपार फाटकों बूम लॉक व हाइट गेजों, फाउलिंग मार्क, सुचना बोर्डों आदि के मानक के अनुरूप संस्थापन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रामनाथपुर स्टेशन के निकट नवनिर्मित पावर सब स्टेशन का भी निरीक्षण किया। पावर डिस्ट्रीब्यूशन पर पावर सप्लाई वितरण प्रणाली व नियंत्रण फीडर,अर्थिंग एवं समुचित आइसोलेशन की व्यवस्था की जाँच की।इसके पश्चात हँड़िया खास स्टेशन से विद्युत इंजन युक्त निरीक्षण यान से रामनाथपुर तक निर्मित नई विद्युतीकृत लाइन का स्पीड ट्रायल किया । ज्ञातव्य हो की उक्त रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा 30 जुलाई,2022 को किया जायेगा जिसके उपरांत बनारस-प्रयागराज रामबाग के मध्य 121 किमी रेल खण्ड पर चल रही दोहरीकरण सह विद्युती करण परियोजना के अंतर्गत बनारस से रामनाथ पुर114 किमी का कार्य सम्पनन्न हो जायेगा शेष रेल खण्ड का कार्य गंगा नदी के मेजर ब्रिज के निर्माण के साथ प्रगति पर है।उपरोक्त विज्ञप्ति की जानकारी अशोक कुमार जन सम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने दी।

# वाराणसी के डीएम कौशलराज शर्मा बने प्रयागराज के कमिश्नर बनारस में नए जिलाधिकारी

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 57वें जिलाधिकारी के रूप में कौशलराज शर्मा ने नवंबर 2019 में को कार्यभार ग्रहण किया था। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए तौर पर किए गए कार्य और काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण समेत कई जनोपयोगी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में कौशलराज शर्मा का बड़ा योगादन रहा। पीएम मोदी खुद कई मौकों पर उनकी पीठ थपथपा चुके हैं। मूल रूप से



हैं। 2006 बैच के आईएएस अधिकारी और वाराणसी के जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा को प्रयागराज का कमिशन्र नियुक्त किया गया है। उनकी जगह पर अब एस.राजलिंगम वाराणसी के नये जिलाधिकारी होंगे। राजलिंगम को कुशीनगर से वाराणसी भेजा गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 57वें जिलाधिकारी के रूप में कौशलराज शर्मा ने नवंबर 2019 में को कार्यभार ग्रहण किया था। तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने ऐसे कई कार्य किए जिन्हें वाराणसी में लंबे वक्त तक याद रखा जाएगा। कोरोना संकट काल में डीएम के हरियाणा के भिवानी जिले के रहने वाले कौशल राज शर्मा ने 2006 में आईएएस की परीक्षा पास की और यूपी कैडर में शामिल हुए। मेरठ के अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह को जौनपुर का मुख्य राजस्व अधिकारी बनाया गया है। जिले में तैनात मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय का स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें उप भूमि व्यवस्था आयुक्त राजस्व परिषद लखनऊ के पद की जिम्मेदारी दी गई है। रजनीश राय शहर के नोडल अधिकारी भी बनाए गए थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई बड़ी कार्रवाई हुईं। जिसके चलते वो हमेशा चर्चा में रहे।

# मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर खत्म होंगी प्रशासन और ग्रामीणों के बीच की दूरियां

**वाराणसी।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर तीन दिवसीय लमही महोत्सव की शुरुआत आज से होगी। जिला प्रशासन और ग्रामीण एक साथ मिलकर मुंशी प्रेमचंद की जयंती और लमही गांव का जन्मदिन साथ-साथ मनाएंगे। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर लंबे समय के बाद जिला प्रशासन और ग्रामीणों के बीच की दूरियां खत्म हो जाएंगी। जिला प्रशासन और ग्रामीण एक साथ मिलकर मुंशी प्रेमचंद की जयंती और लमही गांव का जन्मदिन साथ-साथ मनाएंगे। तीन दिवसीय लमही महोत्सव की शुरुआत आज से होगी। समारोह के अंतिम दिन जन्मस्थली को दीयों से रोशन किया जाएगा। संस्कृति विभाग और ग्राम सभा के सहयोग से लमही महोत्सव को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। 29 जुलाई को कविता एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता के साथ लमही महोत्सव आरंभ हो जाएगा। 30 जुलाई को प्रेमचंद की रचनाओं पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता व संगोष्ठी होगी। 31 जुलाई को लमही में मुंशी प्रेमचंद को पुष्पांजलि के बाद प्रभातफेरी,




विद्वानों का सम्मान और प्रेमचंद की रचनाओं का मंचन व लोकगायन होगा। रामलीला मैदान में होने वाले उत्सव में गांव के जन्मदिन को मनाने के साथ ही लमही उत्सव की शुरुआत हो जाएगी। उधर नगर निगम की ओर साफ सफाई कराई गई। तीन दिन तक यहां विशेष सफाई और दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। मुंशी प्रेमचंद के मकान को जल्द ही नया स्वरूप देने की योजना है। कथा सम्राट के मकान को स्मृति भवन की परिकल्पना के रूप में विकसित किया जाएगा। मंडलायुक्त की पहल के बाद संस्कृति विभाग ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। मकान पर कथा सम्राट के परिजनों का मालिकाना हक होने के कारण उनकी सहमति का इंतजार किया जा रहा है। इसके लिए वीडीए और संस्कृति विभाग लगातार परिजनों के संपर्क में हैं। लमही में मुंशी जी ने जिस घर में अपनी कालजयी रचनाएं गढ़ीं। उसको स्मृति भवन का स्वरूप दिया जाएगा। नवाब राय से मुंशी प्रेमचंद की जीवनयात्रा का कथाशिल्प स्मृति भवन में जीवंत किया जाएगा। वीडीए और संस्कृति विभाग ने इसकी पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। मुंशी प्रेमचंद के परिजनों के प्रतिनिधि से संस्कृति विभाग लगातार संपर्क में है।

# देश ही नहीं अमेरिका और नेपाल में भी हैं स्वामी अड़गड़ानंद के आश्रम

**वाराणसी।** सक्तेशगढ़ स्थित परमहंस आश्रम एक किमी के दायरे में फैला है। राजा विजयपुर ने आश्रम को जमीन दान में दी थी। आश्रम की स्थापना 1991 में की गई थी। यह स्वामी अड़गड़ानंद का प्रमुख आश्रम है। इसके अलावा देशभर में 64 स्थानों पर उनके आश्रम हैं। इनमें मुंबई के पालघर, मध्य प्रदेश के बरचर, दिल्ली के फरीदाबाद, उत्तराखंड के चकोरी, पिथौरागढ़, देहरादून के आश्रम प्रमुख हैं। मिर्जापुर में सक्तेशगढ़ के अलावा कछवां के बरैनी स्थित जगतानंद आश्रम है। अमेरिका में भी दो आश्रम हैं। नेपाल में भी आश्रम है। सक्तेशगढ़ आश्रम में सौ के करीब साधु हैं। इसके अलावा अन्य सेवादार और आश्रम संचालन करने के लिए लोग हैं। स्वामी अड़गड़ानंद का सक्तेशगढ़ स्थित परमहंस आश्रम 1991 में बना है। आश्रम में गुरु पूर्णिमा के दिन बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। इस बार गुरु पूर्णिमा पर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज



आश्रम में ही थे। वह गुरु पूर्णिमा से पहले ही यहां आए थे। गुरु पूर्णिमा से पहले वह महाराष्ट्र के पालघर आश्रम में थे। 30 जुलाई को वह बरचर आश्रम, सीधी मध्य प्रदेश जाने वाले थे। उनका हेलीकॉप्टर भी बुक था। मिर्जापुर के सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद के परमहंस आश्रम में गोली लगने से घायल आशीष बाबा को जिले के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। स्वामी जी के शिष्य डॉ. धनंजय सिंह के हॉस्पिटल में सुबह के करीब नौ बजे आशीष बाबा को लाया गया। इससे पहले वाराणसी से विशेषज्ञ डॉक्टर को बुला लिया गया था। आते ही उनका ऑपरेशन किया गया और आंत में फंसी गोली निकाली गई। डॉ.धनंजय सिंह ने बताया कि बाबा खतरे से बाहर हैं। मिर्जापुर के सक्तेशगढ़ स्थित स्वामी अड़गड़ानंद के परमहंस आश्रम में बृहस्पतिवार को खुद को गोली मारने वाले साधु जीवन बाबा ने बुधवार को पीडीडीयू नगर रेलवे स्टेशन से गाड़ी बुक की थी।

# 24 घंटे में दो फीट से ज्यादा बढ़ा गंगा का पानी

**वाराणसी।** वरुणा में भी बढ़ाव शुरू, तटवर्ती इलाकों में दशहतकेंद्रीय जल आयोग के



अनुसार, शुक्रवार सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 65.30 मीटर दर्ज किया गया है। जलस्तर चेतावनी बिंदु से करीब पांच मीटर नीचे है। गंगा के जलस्तर में बढ़ाव निरंतर जारी है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से करीब पांच मीटर नीचे है। पिछले 24 घंटे में गंगा के जलस्तर में 72 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई और बढ़ाव जारी है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शुक्रवार सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 65.30 मीटर दर्ज किया गया है। 84 घाटों का संपर्क पूरी तरह से समाप्त होने के बाद अब वरुणा के जलस्तर में भी बढ़ाव शुरू हो गया है। ऐसे में तटवर्ती इलाकों में रहने वालों की बेचैनी बढ़ गई है। जिला प्रशासन ने सभी को विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को लगातार तीसरे दिन दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि की ओर से होने वाली आरती का स्थान बदल दिया गया। शीतला मंदिर के नीचे स्थित दक्षिणी शीतला माई मंदिर की गुफा में गंगा का पानी प्रवेश कर गया। शाम को वरुणा में भी बढ़ाव तेज हो गया। नक्खी घाट, मीर घाट, अंसार घाट, बघवानाला, तीनपुलिया घाट, ऊंचवा घाट, शैलपुत्री और कोनिया के विजईपुरा सहित वरुणा की तलहटी में रहने वालों की बेचैनी बढ़ गई है। इधर, नाविकों का कहना है कि फिलहाल स्थिति चिंताजनक नहीं है। शवदाह में हो रही दिक्कत गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण हरिश्चंद्र घाट पर अब शवदाह में परेशानी होने लगी है, हालांकि मणिकर्णिका घाट पर पानी अभी शवदाह स्थल से काफी नीचे है। वहीं, रोक के बावजूद गंगा में नौका संचालन अब भी जारी है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग गंगा सनन करते नजर आए। इनमें ज्यादातर दशाश्वमेध घाट एवं अस्सी घाट पर जुटे थे।

# काशी में लाचार हैं 'रेगिस्तान के जहाज' एक माह से हाते में बंद हैं सभी

**वाराणसी।** हम तो बेजुबान हैं, हमें क्या मालूम कोर्ट-कचहरी। खुले रेत पर दौड़ने के आदी हम इन चहारदीवारों में कब तक कैद रहेंगे।



हमारी क्या खता, जिसकी सजा मिल रही...यह दर्द रेगिस्तान के जहाज कहे जाने वाले उन 15 ऊंटों का है, जिसे कोई सुन और समझ नहीं पा रहा है। पिछले एक माह से सभी रामनगर के भीटी स्थित अहाते में कैद हैं। हाईवे से सटे लगभग तीन बिस्वा के इस हाते में ऊंट सही तरीके से रह भी नहीं पा रहे हैं। ऊंट हाईवे से गुजरने वाली गाडि़यों के दिन-रात के शोर से परेशान हैं। परिसर में बारिश से हुए कीचड़ में दिन-रात उठ बैठ रहे ऊंटों को बीमारियां भी जकड़ रही हैं। कीचड़ से बचाव के लिए गिट्टी-पत्थर डाला गया, उस पर बैठने और चलने में ऊंटों को पैरों में घाव हो रहे हैं। दो ऊंटों की हालत ठीक नहीं है। एक ऊंट तो अपने पैरों पर खड़ा भी नहीं हो पा रहा है। जबकि एक मादा ऊंट की 24 जुलाई को मौत भी हो चुकी है। 27 जून को गौ-ज्ञान फाउंडेशन की सूचना पर रामनगर पुलिस ने हाईवे से 16 ऊंटों को ट्रक से बरामद किया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत से तस्करी कर बंगाल ले जाते समय दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। रमैया चैरिटेबल ट्रस्ट के लगभग 30 वालेंटियर ऊंटों की देखरेख कर रहे हैं। ट्रस्ट की सचिव स्वाती बालानी के अनुसार ऊंटों को यह वातावरण रास नहीं आ रहा है। रेत पर चलने के आदी इन ऊंटों के पैर अब जवाब दे रहे हैं। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ऊंट तस्करों का जाल राजस्थान से लेकर बांग्लादेश तक फैला है। बागपत से ऊंटों को ट्रक में लादकर फर्जी खेती-बारी के कागजात तैयार कर पश्चिम बंगाल भिजवाया जाता है। यूपी, बिहार, झारखंड के पाकुड़ से होकर यह ऊंट पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचाए जाते हैं। मालदा में नाव के जरिये इन ऊंटों को बांग्लादेश की सीमा में प्रवेश करा दिया जाता है। वन अधिकारियों के अनुसार ऊंटों को जल्दी से जल्दी पहुंचाने के चक्कर में चारों पैर और मुंह को रस्सी से बांधकर ट्रक में भूसे की तरह ठूंस दिया जाता है। 20 से 25 घंटे तक ऐसे ही ऊंट सफर करते हैं। ऊंट खुले में रहने वाले जीव हैं। इन्हें खाने में सूखी घास जैसे बरसीम चारा पसंद है। सूखे स्थान पर रहना इनके स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है। शेड के नीचे इन्हें नहीं रखना चाहिए।

# गले में तख्ती लटका कर एसपी ऑफिस पहुंचा लुटेरा

**वाराणसी।** लिखा- मुझे पुलिस से बचाइएलूट का एक आरोपी अपराधी गुरुवार को गाजीपुर एसपी ऑफिस गले में पट्टी लगाकर पहुंच गया। जिसमें उसने स्वयं स्वीकार किया कि मैं लूट का अपराधी हूं। कृपया मुझे जेल भेज दीजिए और पुलिस



से बचा लीजिए। लूटकांड में वांछित लुटेरे ने गुरुवार को गाजीपुर एसपी ऑफिस में तख्ती लटकाकर आत्मसमर्पण कर दिया। उसने तख्ती पर लिखा- एसपी साहब, मैं विशाल बिंद आत्मसमर्पण करने आया हूं, मुझे पुलिस से बचाइए, मैं अब अपराध नहीं करूंगा। पुलिस कमिन्यों ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दिया। गाजीपुर एसपी रोहन पी बोत्रे के सख्त तेवर से अपराधियों पर पुलिस के बढ़ते दवाब से हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। हाल के दिनों में कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार करना और संगठित अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट समेत कई कार्रवाई हो चुकी है। जिसे लेकर अपराधियों में दहशत की स्थिति बनी हुई है। बिहार जा रहे आम लदे वाहन को लूटा था बीते 30 जून को नेशनल हाईवे के जसदेवपुर मोड़ के सहरमाडीह के पास बदमाशों टाटा मैजिक वाहन को लूट लिया था। वाहन में आम लदा हुआ था, जो बिहार जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने बीते 27 जुलाई को बसनिया चट्टी के पास से मैजिक वाहन को बरामद किया। साथ ही चार लुटेरों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। इस मामले में एक और लुटेरा महराजगंज निवासी विशाल बिंद को पुलिस तलाश रही थी। लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। पुलिस के बढ़ते दवाब को देखते हुए शातिर लुटेरे ने गुरुवार को एसपी कार्यालय में आत्मसर्पण कर दिया। इस संबंध में एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि लूटकांड के अपराधी ने पुलिस कार्यालय में आकर आत्मसर्पण किया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।




# अंजुमन ने पक्ष रखने के लिए कोर्ट से मांगा समय

**वाराणसी।** अब 5 अगस्त को सुनवाईअब्दुल बातिन नोमानी ने न्यायालय से अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा। अदालत ने मांगा। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख पांच अगस्त नियत कर दी है। दरअसल, सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में



सुनवाई की अगली तारीख पांच अगस्त नियत कर दी है। सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से दाखिल वाद पर मुस्लिम पक्ष की ओर से बृहस्पतिवार को मुफ्ती ए बनारस अब्दुल बातिन नोमानी हाजिर हुए। उन्होंने न्यायालय से अपना पक्ष रखने के लिए समय ज्ञानवापी सर्वे में मिले शिवलिंग के राग भोग पूजन अर्चन के लिए अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से वाद दाखिल किया गया है। इसमें उनकी ओर से दलील दी गई कि देवता बालक के समान होते हैं और उनकी सेवा बच्चे के समान की जानी चाहिए। इसी तर्क के साथ उन्होंने सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग के राग भोग दर्शन पूजन की मांग की। न्यायालय के नोटिस पर अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से मुफ्.ती ए बनारस अब्दुल बातिन नोमानी हाजिर हुए और कहा कि हमारे पास पर्याप्त तथ्य व सबूत हैं। अदालत हमें अपना पक्ष रखने का समय दें तो हम सारी सच्चाई से अवगत करा देंगे। इसके पहले जिला जज की अदालत ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अर्जेंट वाद को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह वाद अर्जेंट अथवा आवश्यक प्रतीत नहीं होता। वादी ने कहा था कि यह वाद लाने का कारण तब पैदा हुआ जब 16 मई को ज्ञानवापी में सर्वे के दौरान कोर्ट के संज्ञान में आया कि भगवान श्री आदि विश्वेश्वर का एक शिवलिंग आराजी न0 9130 में मिला है। जिला जज ने आदेश में कहा था कि यदि प्रकरण इतना आवश्यक प्रकृति का था, तब 16 मई से 31 मई तक वाद प्रस्तुत किया जा सकता था, जब सिविल कोर्ट खुला हुआ था।

# ओम प्रकाश राजभर को झाड़-फूंक कराने की जरूरत

**वाराणसी।** चाचा शिवपाल पर भी दिया बड़ा बयानसमाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को जौनपुर जाने के क्रम में वाराणसी एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और चाचा शिवपाल यादव से जुड़े सवालों का जवाब दिया। वहीं राज्य और केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने सपा-सुभासपा के 'तलाक' का ठीकरा भाजपा के सिर फोड़ा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा विपक्ष को डरा कर गठबंधन तोड़ने का दवाब बनाया गया है। ओमप्रकाश राजभर को भाजपा से डर है। वहीं राजभर के बयानों पर उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब मेरे ऊपर पैसे लेकर टिकट बांटने का आरोप लगा है।

# काशी विद्यापीठ की प्रवेश परीक्षाएं चार अगस्त से, दाखिले के लिए २९६६३ ने किया आवेदन

**मिर्जापुर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की प्रवेश परीक्षाएं चार से सात अगस्त तक चलेंगी। सनतक और सनतकोत्तर में दाखिल के लिए 29663 अभ्यथिर्यों ने आवेदन किए हैं। महात्मा गांधी




काशी विद्यापीठ की प्रवेश परीक्षाएं चार से सात अगस्त तक चलेंगी। सनतक और सनतकोत्तर में दाखिल के लिए 29663 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। 31 पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा होगी। बाकी 28 पाठ्यक्रम में निर्धारित सीट से दोगुने से कम आवेदन आने के कारण मेरिट से दाखिला लिया जाएगा। कुलसचिव डॉ. सुनीता पांडेय के अनुसार, चार अगस्त को पहली पाली में सुबह नौ से 10.30 बजे तक बीएससी बायो, एमए-एमएससी गृह विज्ञान, एमए मनोविज्ञान, बीसीए, पीजीडीसीए दूसरी पाली में 12 से 1.30 बजे तक बीएससी कृषि, बीएफए, एमएसडब्लयू और तीन से साढ़े चार बजे तक बीएससी गणित, एमएफए, पीजी डिप्लोमा इन साइकोथेरेपी काउंसिलिंग एंड गाइडेंस की प्रवेश परीक्षा होगी। पांच अगस्त को पहली पाली में एलएलएम, बीए एलएलबी, एमपीएड, डिप्लोमा इन वोकल म्यूजिक, एमएससी गणित बॉटनी व भूगोल, दूसरी पाली में एलएलबी, एमए सोशियोलॉजी, राजनीति विज्ञान, एमएड, जर्नलिज्म एंड मास कॉम और सात अगस्त को पहली पाली में बीए, दूसरी पाली में बीकॉम, तीसरी पाली में एमकॉम, बीलिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस, बीए मास कम्यूनिकेशन, एमएफए पेंटिंग, एमए इतिहास और एम म्यूज की प्रवेश परीक्षा होगी। इन पाठ्यक्रमों में होगा मेरिट से दाखिला बीएससी (टेक्सटाइल्स एंड हैंडलूम), एमए (हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, दर्शन, अर्थशास्त्र, गांधी विचार, आईआरपीएम, ग्रामीण विकास, सांख्यिकी), दो वर्षीय कनन्ड़ पाठ्यक्रम, पीजी डिप्लोमा इन कर्मकांड, पीजी डिप्लोमा इन फैशन डिजाइन, पीजी डिप्लोमा इन एचआरडी, डिप्लोमा इन ड्रामा, सर्टिफिकेट कोर्स इन रशियन, डिप्लोमा इन रशियन, पीजी डिप्लोमा इन नेचुरोपैथी एंड योगा, पीजी डिप्लोमा इन एनजीओ मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट इन योगा, पीजी डिप्लोमा इन ग्राउंड वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट, बीलिब, मॉस्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवेल मैनेजमेंट और एमलिब। पांच अगस्त की प्रवेश परीक्षाओं का विरोध पांच अगस्त को होने वाली पीजी और एलएलबी की प्रवेश परीक्षाओं पर छात्र नेताओं ने विरोध जताया है। छात्रसंघ अध्यक्ष शशि प्रकाश चंदन व महामंत्री अभिषेक सोनकर ने बृहस्पतिवार को धरना देकर तारीख बदलने की मांग की। विश्वविद्यालय प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान प्रमोद, दीपक, चंद्र प्रकाश मौर्या, अफसर अहमद, अभिषेक मिश्रा, साहिल, गौरव, विवेक, करण, सुधांशु, अंकित, अभिरंजन, विकास, अभय, अजीत, आदित्य, राज मौजूद रहे।

# निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए 16 उपनिरीक्षक

**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने स्टार लगाकर उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्त हुए 16 पुलिसकर्मियों को बैच लगाकर बधाई दी। साथ ही अपने कर्तव्यों एवं दायित्व का ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षक पद पर पदोनन्त होने वालों में अजय कुमार यादव, सुभाष कुमार यादव, श्रीराम सिंह यादव, रामनिवास सिंह,नरेन्द्र कुमार सिंह, वीरेन्द्र सिंह, आशुतोष सिंह, अजय विक्रम सिंह यादव, संजीव कुमार सिंह, माधव सिंह, रामकुमार सिंह, दिनून्प्रसाद यादव, इरफान अली, राम नगीना यादव, अतुल कुमार राय, अखिलेश कुमार पांडेय शामिल हैं।

# बच्चे की पिटाई से नाराज परिजन पहुंचे विद्यालय

**मिर्जापुर।** विकास खंड छानबे के कम्पोजिट विद्यालय सुमतिया में शिक्षक पर कक्षा छह के छात्र की बुधवार को बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। छात्र की पिटाई से नाराज अभिभावक व ग्रामीण ग्राम प्रधान के साथ बृहस्पतिवार को विद्यालय पहुंचे। प्रधान के साथ ही अभिभावक व ग्रामीणों ने शिक्षक की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए छात्र की पिटाई के मामले की उच्चाधिकारियों व थाने में शिकायत करने की चेतावनी दी। हालांकि शिक्षक ने गलती पर क्षमा याचना कर भविष्य में ऐसा नहीं करने का भरोसा दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। क्षेत्र के राजमन बघौरा गांव निवासी कक्षा छह के छात्र का आरोप है कि शौचालय में पानी नहीं डालने से नाराज शिक्षक ने बुधवार को उसकी और उसके साथी की डंडे से पिटाई की। छात्र के दादा ने बताया कि बताया कि बुधवार को घर व पड़ोस के बच्चे घर आ गए। उनके पौत्र को रसौली गांव का एक छात्र साइकिल पर लेकर आया, तो घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने बच्चे का निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया। बृहस्पतिवार को आक्रोशित परिजन व ग्रामीण ग्राम प्रधान के साथ स्कूल पहुंचे और शिक्षक व अन्य लोगों से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद प्रधान व परिजनों ने आरोपी शिक्षक से कड़ी नाराजगी जताते हुए इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों व थाने में करने की चेतावनी दी। उधर, पूछताछ में शिक्षक ने पहले ने तो क्रिकेट खेलते समय बैट फेंकने पर छात्र की पिटाई करने की बात कही, लेकिन छात्रों व अभिभावकों द्वारा शौचालय आदि में पानी डलवाने आदि संबंधी आरोप लगाए जाने पर शिक्षक ने माफी मांगी और भविष्य में ऐसा नहीं करने का भरोसा दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान कृष्णदेव पांडेय, श्याम आसरे सिंह, अमृतलाल, रामधनी, राजेश सिंह, राम ललित, सुधीर, गामा, दीनानाथ, भानुप्रताप, शिव गोविंद दुबे, गणेश गिरी, राजू बिंद आदि मौजूद रहे।

## गलत सूचना देकर शादी करने का लगाया आरोप

**मिर्जापुर।** कछवां क्षेत्र निवासी एक युवक पर गलत ढंग से शादी करने का आरोप लगाते हुए युवती ने थाने में तहरीर दी है। क्षेत्र के एक गांव में रहने वाला युवक मुंबई में रहकर फेसबुक के माध्यम से एक लड़की से प्रेम संबंध बनाया। इसके बाद लखनऊ में जाकर शादी की। शादी के एक सप्ताह बाद लड़का लड़की को लेकर मुंबई चला गया। एक वर्ष तक उसके साथ मुंबई में रहा। लड़की को जब पता चला कि लड़का पहले से ही शादीशुदा है तो युवती ने पहली पतनी को तलाक देने की जिद्द की। इसके लिए जब युवती दबाव बनाने लगी तो उसे छोड़कर मुंबई से अपने गांव चला आया। इसके बाद भी उसके पीछा करते हुए युवती कछवां थाने पहुंच गई। काफी देर तक लड़की एफआईआर लिखने के लिए थाने में डटी रही, परंतु उसका मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। थानाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने कहा कि युवती की तरफ से प्रार्थना पत्र दिया गया है। जांच कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# बारिश होने पर रुक गया था, स्कूल में डेढ़ घंटे तक बंद रहा छात्र

**सोनभद्र।** बचने परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों की लापरवाही से बृहस्पतिवार को कक्षा चार का छात्र डेढ़ घंटे तक विद्यालय के कमरे में बंद रहा। छुट्टी के वक्त बारिश से बचने के लिए छात्र विद्यालय के कमरे में ही रुक गया था। शिक्षक बाहर से ताला लगाकर विद्यालय के कमरों में ताला लगाकर घर चले गए उधर, काफी देर तक जब सचिन घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। उसका कहीं पता न चलने पर परिजनों की चिंता बढ़ने लगी। इस बीच कुछ लोगों ने स्कूल परिसर से सचिन के चीखने की आवाज



चले गए। काफी खोजबीन के बाद पता चलने पर ताला खोलकर बच्चे को बाहर निकाला गया। मामला घोरावल ब्लाक के सिरसाई गांव का है। सिरसाई गांव निवासी जागेश्वर आदिवासी का पुत्र सचिन (10) गांव के ही कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 4 का छात्र है। वह बृहस्पतिवार को स्कूल गया था। अपराह्न दो बजे विद्यालय की छुट्टी हुई तभी बारिश शुरू हो गई। अन्य बच्चे बारिश में बचते भीगते घर चले गए। सचिन विद्यालय के ही एक कमरे में रुक गया। इसी दौरान उसे नींद लग गई। बारिश बंद होने पर शिक्षक सुनी। वहां पहुंचे तो सचिन कमरे में बंद मिला। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी प्रधानाचार्य और खंड शिक्षा अधिकारी को दी। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने प्रधानाचार्य को फोन किया। इसके बाद शिक्षामित्र ने विद्यालय का कक्ष खोलकर छात्र को बाहर निकाला। इस संबंध में कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला सिंह ने विद्यालय में छात्र के बंद होने की पुष्टि की। इस घटना से अभिभावकों और ग्रामीणों में आक्रोश है।

# मिर्जापुर में खतरे का निशान से सात मीटर दूर है गंगा का जलस्तर

**मिर्जापुर।** गंगा के जल स्तर बढ़ता जा रहा है। मिर्जापुर में 24 घंटे में गंगा के जल स्तर में 71 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। गंगा के जलस्तर में तेजी से वृद्धि होते देख तटवर्ती इलाके के लोग सहमे नजर आ रहे हैं। उधर, बाढ़ की स्थिति पैदा होते देख किसानों को फसलों की चिंता सताने लगी है। किसानों का कहना है कि पिछले वर्ष बाढ़ के चलते हुई क्षति की भरपाई अब तक नहीं हुई। अब इस बार भी गंगा का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा में ज्यादा पानी बढ़ा तो उनकी फसलें प्रभावित हो सकती हैं। इस बीच बृहस्पतिवार को गंगा का जलस्तर 70.13 मीटर पर पहुंच गया, जबकि बुधवार की सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 69.420 मीटर दर्ज किया गया था बाढ़ से फिलहाल कोई खतरा नहीं सदर तहसील क्षेत्र में 220 व चुनार तहसील क्षेत्र में 184 गांवों को मिलाकर जिले में कुल 404 गांव बाढ़ प्रभावित के रूप में चिह्नित हैं। इनमें छानबे, सिटी, कोन, मझवां, पहाड़ी के अलावा नरायनपुर विकास खंड के तटवर्ती इलाके के गांव शामिल हैं। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित छानबे, कोन व सीखड़ विकास खंड के गांव होते हैं। उउधर, बाढ़ आने की स्थिति में विंध्याचल स्थित वाराणसी जाने वाले वाले बस स्टैंड के अलावा ओझला पुल के आसपास, सगरा, कंतित के आसपास ग्रामीण के ज्यादातर गांव पानी से घिर जाते



हैं। बाढ़ से फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन बाढ़ की स्थिति में छानबे विकास खंड में अकोढ़ी, चौकठ, बबुरा, उंचडीह, बिरोही, महडौरा, बलापुर, कठवइया, अरंगीसरपत्ती, भटेवरा, जोपा, निफरा, नदिनी, नौगांव, आदमपुर, नीबीगहरवार, झिलवर, चड़ैचा, भिलगौर, गौरा, परमानपुर, कोठरा, डंगहर, दुगौली, नगवासी, मिश्रपुर, खौरा, गोगांव, हरगढ़, काशीसरपत्ती, चेहरा, बजटा, देवरी, खम्हरियाकला, गोडसर पांडेय, गोडसर सरपत्ती व गैपुरा आदि प्रमुख गांव चपेट में आ जाते हैंप्रशासन द्वारा बाढ़ पर निगरानी के लिए कर्मचारियों को लगाया गया है। ग्राम प्रधान अपनी ओर से भी बाढ़ की स्थित पर नजर रख रहे हैं। जल स्तर अभी काफी नीचे है। कटान का खतरा भोरुपुर, साटन पट्टी, हरगढ़, गोगांव, मिश्रपुर, दुगौली, चड़ैचा, असवां, झिलवर, नीबीगहरवार, नौगांव, आदमपुर, बबुरा आदि पर मंडरा रहा है। विकास खंड कोन के दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों में गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि और कटान भय व्याप्त है तटवर्ती क्षेत्र में बसे सेमरा, खुलुवा, अनुरुद्धपूर पूरब पट्टी, धौराहरा, हरसिंहपुर, मल्लेपुर, मवैया, लखनपुर, मझिगवां, मलाधरपुर, पुरानेवाड़ा, चील्ह, भटेवरा, रामपुर, चेकसारी, बल्ली परवा, देव परवा, कोलुआ, कोल्हुआ, कमासिन गांव में बाढ़ का पानी आ जाने से भारी क्षति का ग्रामीणों को सामना करना पड़ता है। बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए सदर में 14 तथा चुनार तहसील में 23 को मिलाकर कुल 37 बाढ़ चौकियां बनाई गई है। एडीएम शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि गंगा में बढ़ रहे जल स्तर से अभी कोई खतरा नहीं है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है।

# महंगाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निकाला मार्च

**सोनभद्र।** बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को नगर के हाइडिल मैदान से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला। विभिनन मार्गों से होते हुए कार्यकर्ता बढ़ौली चौक पर पहुंचे। विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांगपत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले दिनों खाने-पीने सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर आटा, दाल, दूध, अस्पताल के कपड़े जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों का मूल्य बढ़ा दिया है। डीजल-पेट्रोल, गैस के बढ़े हुए मूल्य से पहले से परेशान जनता को सरसों का तेल महंगे दर पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। बच्चों के दूध पर भी जीएसटी लगा दिया गया। प्रांत उपाध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों, छोटे-मध्यम व्यापारियों के लिए कार्य नहीं कर रही हैं। प्रदर्शन में सुशीला वर्मा, रामनरेश पटेल, शिशिर त्रिपाठी, घमड़ी सिंह, मनीष केशरी, दिनेश पटेल, राजेंद्र मौर्या, दुर्गा देवी, अंगूरी बानो, शबनम, शबीना, सोनी देवी, सुरेश शुक्ला, शंभूनाथ, श्रवण कुमार, संतोष त्यागी, प्रदीप कुमार, शैलेश भारती, रवींद्र सिंह, अविनाश जायसवाल, समीर खां, अनवर अली, आलोक सेठ, प्रकाश चौरसिया, मनमोहन सिंह, मनोज कुमार आदि रहे।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सिंक्योरिटि सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 31 जुलाई 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# फ्रांस के क्रिकेटर ने टी 20 में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनेअपनी पारी में गुस्ताव ने पांच चौके और नौ छक्के लगाए। गुस्ताव ने इस पारी के साथ ही अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हजरतुल्लाह ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 62 गेंदों पारी में गुस्ताव ने पांच चौके और नौ छक्के लगाए। गुस्ताव ने इस पारी के साथ ही अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हजरतुल्लाह ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 62 गेंदों पर 162 रनों की नाबाद पारी खेली थी। तब वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक 54 गेंदों में 76 रन की पारी खेली थी। मकियोन के शतक के बावजूद फ्रांस की टीम जीत हासिल नहीं कर सकी और स्विट्जरलैंड ने 158 रन का लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। स्विस कप्तान फहीम नजीर ने 46 गेंदों पर 67 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इसके बाद अली नय्यर




पर 162 रनों की नाबाद पारी खेली थी फ्रांस के ओपनर गुस्ताव मकियोन ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 यूरोप सब रिजनल क्वालिफायर टूर्नामेंट में इतिहास रच दिया है। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 18 साल और 280 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया। गुस्ताव ने वांता में खेले गए टी-20 मैच में 61 गेंदों में 109 रन की ताबड़तोड़ा पारी खेली। अपनी लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने थे। तब हजरतुल्लाह की उम्र 20 साल और 337 दिनों की थी। मकियोन मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप 2024 यूरोप सब रिजनल क्वालिफायर टूर्नामेंट में 161 के स्ट्राइक रेट और 92.50 की औसत से रन बनाए हैं। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन (185 रन) बनाने वालों में टॉप पर हैं। इसी टूर्नामेंट में उन्होंने चेक रिपब्लिक के खिलाफ की तूफानी बल्लेबाजी ने स्विट्जरलैंड को मैच जिता दिया था।। नय्यर ने तीन गेंदों पर 12 रन बनाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर नय्यर ने जीत दिलाई। इससे फ्रांस और मकियोन का दिल टूट गया। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड दो अंकों के साथ फ्रांस की बराबरी पर आ गया है। दोनों एक ही ग्रुप में हैं। वहीं, ग्रुप-2 में नॉर्वे टॉप पर है। उसने चेक गणराज्य और एस्टोनिया पर जीत दर्ज की थी।

# पंत ने कराए धोनी के दर्शन दीवाने हुए फैंस, ऐसी थी रोहित और सूर्यकुमार की प्रतिक्रि

**नई दिल्ली।** यात्रऋषभ पंत ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव के साथ काफी मस्ती की। इस बीच उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को भी लाइव सेशन में जोड़ा, लेकिन धोनी ने तुरंत ही बाय करते हुए निकल गए। टीम इंडिया के खिलाड़ी मंगलवार की शाम मस्ती के मूड़ भी कैमरे पर एक दूसरे के साथ कई बार मजाकिया बताचीत करते देखे गए हैं। एक बार ऋषभ पंत ने कहा था कि वो रोहित के साथ छक्के लगाने का मुकाबला करना चाहते हैं। जब रोहित को यह बात बताई गई तो उन्होंने कहा कि उसने गिनकर चार मैच खेले हैं और मेरे साथ मुकाबला करेगा।



में थे। टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इंस्याग्राम पर एक लाइव सेशन शुरू किया और कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर खूब मस्ती की। सूर्यकुमार यादव भी उनके साथ थे। इस दौरान पंत ने धोनी को भी लाइव सेशन में जोड़ा, लेकिन धोनी ने आते ही बाय करना शुरू कर दिया और तुंरत लाइव सेशन से निकल गए। धोनी का यह अंदाज उनके फैंस को खूब पसंद आया। कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव भी धोनी की यह हरकत देख अपनी हंसी नहीं रोक पाए। लाइव सेशन के दौरान कप्तान रोहित शर्मा ने युजवेन्द्र चहल के भी जमकर मजे लिए। उन्होंने पंत के साथ भी काफी मजाक किया। ये दोनों पहले इस बार भी दोनों के बीच ऐसा ही मजाक हुआ। ऋषभ पंत और रोहित शर्मा को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में आराम दिया गया है। हालांकि, टी20 सीरीज में दोनों खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। वहीं, धोनी अब सिर्फ आईपीएल खेलते हैं, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान वो दो मैचों के दौरान स्टेडियम में दिखाई दिए थे। धोनी की बात करें तो वो शुरुआत से ही शर्मीले स्वभाव के रहे हैं। उन्हें मैदान के बाहर कैमरे पर ज्यादा बातचीत करना पसंद नहीं है। इससे पहले एक बार हार्दिक पांड्या के लाइव सेशन के दौरान भी धोनी ने उन्हें चॉकलेट देकर आगे बढ़ा दिया था और उनसे कोई बात नहीं की थी।

# युवराज सिंह से लेकर पीटी उषा तक, खेल जगत ने कारगिल युद्ध के नायकों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस पर खेल जगत ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। 26 जुलाई, 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल द्रास क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करके एक ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। पूरा देश आज कारगिल युद्ध की 23वीं वर्षगांठ मना रहा है। आज ही के दिन भारत को इस युद्ध में विजय मिली थी। ऑपरेशन विजय का हिस्सा बनने वाले शहीद जवानों की वीरता और गौरव गाथा को कौन नहीं जानता। इसे फिर से जगाने के लिए लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट भी कर रहे हैं। 26 जुलाई, 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल द्रास क्षेत्र में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करके एक ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। 23 साल बाद भी लोगों के मन और दिल में भारतीय सैनिकों का बलिदान और वीरता जीवित है। कारगिल विजय दिवस पर खेल जगत ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। भारत की पूर्व एथलीट और राज्यसभा सांसद पीटी उषा ने 1999 के युद्ध के नायकों को सबसे पहले श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा- हमारे सशस्त्र बलों ने राष्ट्र के प्रति बिना शर्त सेवा के साथ अपने प्राणों की आहुति दी। उनको नमन। कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के हमारे नायकों को याद करते हुए। भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी कारगिल विजय दिवस की 23वीं वर्षगांठ पर भारतीय सैनिकों की वीरता की सराहना करने के लिए एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा- कारगिल युद्ध में शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि। उन्होंने निस्वार्थ भाव से मातृभूमि की रक्षा की। हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। जय हिंद। ओलंपिक पदक विजेता और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने लिखा- अदम्य साहस व वीरता से शत्रु को पराजित करने वाले वीर सैनिकों को स्मरण करते हुए कारगिल विजय दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करता हूं। मातृभूमि की रक्षा एवं देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए आपके समर्पण के लिए कृतज्ञ राष्ट्र आपको नमन करता है। भारत माता की जय। एथलीट दीपा मलिक ने लिखा- हमारे देश के इतिहास में एक अविस्मरणीय दिन जो दिल के बहुत करीब है! आज कारगिल विजय दिवस पर हमारे देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने बिना शर्त बलिदान के लिए हमारे सभी सैनिकों के सम्मान में नमन। भारत के पूर्व ओपनर और सांसद गौतम गंभीर ने लिखा- जहां हमारे लिए सांस लेना भी मुश्किल है, हमारे सैनिकों ने एक युद्ध जीत लिया! उन बहादुरों को सलाम! वहीं, बेंगलुरु के नेशनल क्रिकेट एकेडमी के डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा- उन सभी अविश्वसनीय वीरों को मेरी श्रद्धांजलि जिन्होंने हमारी भूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी।



# अर्धशतकों को शतकों में न बदल पाने से निराश हैं श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** मैच के बाद कही यह बातअय्यर ने कहा- मैंने दूसरे मैच में जो स्कोर किया उससे मैं खुश हूं लेकिन जिस तरह से मैं आउट हुआ उससे नाखुश हूं। मुझे टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाना चाहिए था। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के वर्तमान दौरे में अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन वह अपने अर्धशतकों को शतक में नहीं बदल पाने से निराश हैं। लगातार दो अर्धशतक बनाने वाले अय्यर ने कहा कि वह अगले मैच में शतक बनाने की कोशिश करेंगे अय्यर ने कहा- मैंने दूसरे मैच में जो स्कोर किया उससे मैं खुश हूं लेकिन जिस तरह से मैं आउट हुआ उससे नाखुश हूं। मुझे टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाना चाहिए था। मैंने अच्छी शुरुआत की लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से अपना विकेट गंवाया। उम्मीद है कि अगले मैच में मैं इससे बेहतर प्रदर्शन करूंगा और शतक बनाने में सफल रहूंगा। मैच की बात करें तो वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 311 रन बनाए थे। भारत ने 312 रन के लक्ष्य को 49.4 ओवर में हासिल किया था। अक्षर ने 35 गेंदों पर 64 रन की ताबड़तोड़ नाबाद पारी खेली। इसके अलावा शुभमन गिल ने 43 रन की पारी खेली थी। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 63 रन और संजू सैमसन ने 54 रन बनाए थे। वहीं, विंडीज की और से शाई होप ने 115 रन की पारी खेली थी। यह होप का 100वां वनडे मैच था और इसी मैच में उन्होंने स्पेशल पारी खेली थी। होप के अलावा कप्तान निकोलस पूरन ने 74 रन बनाए थे। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर ने तीन विकेट झटके थे। वहीं, दीपक हुड्डा, अक्षर और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिया। इस जीत के साथ भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 12वीं द्विपक्षीय वनडे सीरीज में जीत हासिल की। यह किसी एक टीम के खिलाफ लगातार सीरीज जीतने का रिकॉर्ड है।



# पाकिस्तान के उपकप्तान शादाब खान का अहंकार

**नई दिल्ली।** कहा- वर्ल्ड कप में भारत को हरा चुके, अब खतरा नहींशादाब ने कप्तान बाबर आजम की भी तारीफ की। पूर्व कप्तान सरफराज खान और बाबर के बीच तुलना करते हुए शादाब ने कहा- सरफराज मैदान पर एक सक्रिय कप्तान थे, जबकि बाबर आजम अपनी भावनाओं को ज्यादा नहीं दर्शाते और शांत रहते हैं। इस साल क्रिकेट के फैन्स के लिए सुपर हिट मैचों का तड़का लगने वाला है। भारत और पाकिस्तान की टीम इस साल एक बार नहीं दो शेड्यूल मैचों में भिड़ने वाली है। इसमें से एक मैच एशिया कप और दूसरा मैच टी-20 वर्ल्ड कप में खेला जाएगा। वहीं, इन दोनों टूर्नामेंट में दोनों टीमें आगे के राउंड में पहुंचीं तो सेमीफाइनल या फाइनल में भी भिड़ती हुई दिख सकती हैं। ऐसे में फैन्स को काफी मजा आने वाला है। हालांकि, दोनों टीमों के टक्कर से पहले पाकिस्तान के खिलाड़ी अति आत्मविश्वास या यूं कहें अहंकार में नजर आ रहे हैं। मैच से पहले ही पाकिस्तान के उपकप्तान और लेग स्पिनर शादाब खान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है हमारे ऊपर भारत से खेलने का कोई दबाव नहीं होगा। न ही हम वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ खेलने को लेकर दबाव में हैं। शादाब ने कहा- हमने भारत को पहले भी हराया है और इससे हमारा आत्मविश्वास और हौसला बढ़ा है। ऐसे में हम टीम इंडिया को फिर से हरा सकते हैं। इस दौरान शादाब ने कप्तान बाबर आजम की भी तारीफ की। पूर्व कप्तान सरफराज खान और बाबर के बीच तुलना करते हुए शादाब ने कहा- सरफराज मैदान पर एक सक्रिय कप्तान थे, जबकि बाबर आजम अपनी भावनाओं को ज्यादा नहीं दर्शाते और शांत रहते हैं। शादाब ने कहा कि कप्तानी के शुरुआती दौर में बाबर दबाव में थे, लेकिन अब वह अच्छी तरह से समझ गए हैं। शादाब अब तक टेस्ट में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं। इस मामले पर उन्होंने कहा- मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं, लेकिन सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अभी टेस्ट टीम में अपनी जगह नहीं ले सकता। मैंने काफी समय से फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन मैं टेस्ट में वापसी करना चाहता हूं क्योंकि आपके देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने से ज्यादा आकर्षक कुछ नहीं है।



# भारत ने वेस्टइंडीज में हासिल की सबसे बड़ी जीत, 119 रन से तीसरा वनडे जीता

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज का सफाया कर दिया है। भारत ने वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम की। भारतीय टीम 39 साल से वेस्टइंडीज में वनडे सीरीज खेल रही है और उसने पहली बार कैरेबियाई टीम को उसके घर में क्लीन स्वीप किया है।भारत ने तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 119 रन से हरा दिया है। बारिश से बाधित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत विंडीज के सामने 35 ओवर में 257 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में वेस्टइंडीज की पूरी टीम 26 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। ब्रैंडन किंग और निकोलस पूरन ने अपनी टीम की तरह से सबसे ज्यादा 42-42 रन बनाए।वहीं, भारत की ओर से युजवेंद्र चहल ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। वनडे सीरीज के बाद अब भारतीय टीम 29 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। टी-20 सीरीज में भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। विराट और जसप्रीत बुमराह वनडे के बाद टी-20 सीरीज भी नहीं खेलेंगे। दोनों को आराम दिया गया है।तीसरे वनडे में बारिश ने दो बार खलल डाला और दोनों बार भारतीय पारी को ही बीच में रोकना पड़ा। पहली बार जब मैच रुका तो अंपयारों ने इसे 40 ओवर का कर दिया था। वहीं, दूसरी बार रुकने पर मुकाबले को 35 ओवर पर साइड कर दिया गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दूसरी बार खेल रुकने तक 36 ओवर में तीन विकेट पर 225 रन बनाए थे। हालांकि, 35 ओवर का मैच होने की वजह से डीएलएस के तहत वेस्टइंडीज को 257 रन का लक्ष्य मिला, पर विंडीज की टीम 137 रन ही बना सकी।



# गिल ने मैदान के बाहर मार दी गेंद, धवन का शॉट देख हैरान रह गए वेस्टइंडीज के खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ कर दिया है। तीनों मैच जीतकर भारत ने कैरिबियाई टीम पर अपना दबदबा बरकरार रखा है। सीरीज का तीसरा मैच दोनों ने बेहतरीन अर्धशतक लगाए। गिल बारिश की वजह से अपना शतक नहीं पूरा कर सके, लेकिन अपनी बल्लेबाजी से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने एक बार गेंद मैदान के बाहर भी मार दी। वहीं,




बारिश से बाधित रहा और भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस नियम के तहत 119 रन से अपने नाम किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में तीन विकेट खोकर 225 रन बनाए। इसके बाद डकवर्थ लुइस नियम के तहत वेस्टइंडीज को 35 ओवर में 257 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में कैरिबियाई टीम 26 ओवर में 137 रन बनाकर सिमट गई। भारत की सलामी जोड़ी शिखर धवन और शुभमन गिल ने एक बार फिर शतकीय साझेदारी की। धवन ने तीन फील्डरों के बीच से चौका निकाल दिया। यहां हम मैच के ऐसे ही रोमांचक पल दिखा रहे हैं। शुभमन गिल ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 98 रन की पारी के दौरान सात चौके और दो छक्के लगाए। इस दौरान उनके बल्ले से निकली एक गेंद मैदान के बाहर चली गई। उन्होंने 104 मीटर का छक्का लगाया था। यह शॉट देख कैरिबियाई गेंदबाजों के हौंसले टूट गए। शुभमन गिल ने 104 मीटर का छक्का लगाया तो गेंद मैदान के बाहर चली गई। इसके बाद तीसरे अंपायर को पुरानी गेंदों का एक बक्सा लेकर मैदान में आना पड़ा। मैदानी अंपायरों ने उनमें से एक गेंद चुनी और मैच आगे बढ़ा। इसके बाद बी गिल ने कैरिबियाई गेंदबाजों की पिटाई जारी रखी और 98 रन की पारी खेली। शिखर धवन ने इस मैच में कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने 74 गेंद में 58 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल थे। धवन ने पहले ही ओवर में एक बेहतरीन चौका लगाया। गेंदबाज ने उन्हें ऑफ स्टंप के बाहर गेंद की थी और धवन ने तीन फील्डर के बीच में से चौका लगा दिया। यह देख गेंदबाज भी हैरान रह गया। बल्लेबाजी में कमाल करने के बाद भारतीय टीम ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया। पहले सिराज ने दो विकेट लिए फिर चहल ने चार विकेट लेकर कैरिबियाई टीम की पारी खत्म कर दी। इस सीरीज में पहली बार भारतीय टीम एकतरफा अंदाज में जीती। इससे पहले दोनों मैचों में वेस्टइंडीज ने भारत को कड़ी चुनौती दी थी।शिखर धवन की अगुआई में वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ करने के बाद भारतीय टीम ने जीत का जशन मनाया। धवन ने सीरीज की टॉफी युवा आवेश खान को पकड़ा दी। आवेश को इसी सीरीज में भारत के लिए पहला वनडे मैच खेलने का मौका मिला था। हालांकि, इस मैच में वो कुछ खास नहीं कर पाए थे। इसके बाद तीसरे मैच में उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

# आईपीएल में हिट होने के बाद डेविड मिलर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** मिलर को आईपीएल के पिछले सीजन में नई टीम गुजरात टाइटंस ने खरीदा था। वह सीपीएल में तीन साल पहले 2018 में जमैका तल्लावाह के लिए खेले थे। उससे पहले 2016 में वह सेंट लूसिया जूक्स की ओर से उतरे थे। दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद मिलर को बारबाडोस रॉयल्स का कप्तान बनाया गया है। इस टीम का मालिकाना हक रॉयल स्पोर्ट्स ग्रुप के पास है। आईपीएल की टीम राजस्थान रॉयल्स का मालिक भी रॉयल स्पोर्ट्स ग्रुप ही है। मिलर राजस्थान के लिए खेल चुके हैं।मिलर ने कप्तान बनाए जाने के बाद कहा, ''वह मुख्य कोच ट्रेवर पेनी और रॉयल्स के क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा के साथ मिलकर काम करेंगे।'' मिलर को आईपीएल के पिछले सीजन में नई टीम गुजरात टाइटंस ने खरीदा था। उन्होंने फ्रेंचाइजी को चैंपियन बनाने में बड़ा योगदान दिया था।

# राशीफल

**मेष-**:आप ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे लेकिन काम का बोझ आपको परेशान करेगा। वित्तीय कल्याण आपके लिए अपनी ज़रूरत की चीज़ें खरीदना आसान बना देगा।

**वृष-**:आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन चाह सकता है कि आप कोई नया काम शुरू करें। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी।

**मिथुन-**:कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सहभागी व्यवसायों और वित्तीय योजनाओं में हेराफेरी करने में निवेश न करें। आपका ऊर्जावान, जीवंत और गर्मजोशी भरा व्यवहार आज आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा।

**कर्क-**:आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आज अचानक आपका आपा खो सकता है और जीवनसाथी से विवाद हो सकता है। करियर के मामले में आप पर जितनी जिम्मेदारियां आप संभाल सकते हैं

**सिंह-**:बेचैनी की फुसफुसाहट आपको परेशान कर सकती है. इससे बचने के लिए टहलने जाएं और ताजी हवा में गहरी सांस लें। साथ ही सकारात्मक सोच भी बहुत मददगार होगी।

**कन्या-**:आज आप भाग्यशाली रहेंगे। मेडिकल छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको किसी अच्छे डॉक्टर के साथ काम करने का मौका मिल सकता है। पारिवारिक किसी महत्वपूर्ण कार्य के कारण आपको स्टेशन से बाहर।

**तुला-**:तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

**वृश्चिक-**:आज के दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी. आज आप सकारात्मक तरंगों से भरे हुए हैं। अपनी योजनाओं को दूसरों के साथ साझा न करें, अन्यथा दूसरे लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।

**धनु-**:अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है. मन जीवन का द्वार है, क्योंकि इससे अच्छा और बुरा सब कुछ आता है। यह जीवन की समस्याओं पर काबू पाने में मददगार साबित है।

**मकर-**:आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. व्यापार से जुड़ा कोई जरूरी काम आज पूरा हो सकता है। कोई नया काम शुरू करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आप हर उस व्यक्ति के साथ प्यार से पेश आएंगें।

**कुंभ-**:अपने शरीर से थकान को दूर करने और अपनी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूर्ण आराम की आवश्यकता है, अन्यथा शरीर की थकान आपके मन में निराशा को जन्म दे सकती है।

**मीन-**:तनाव और घबराहट से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है. घर में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपकी उपलब्धि परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी सफलताओं की सूची।

## सम्पादकीय

### ऋषि सुनक के ब्रिटेन के पीएम बन जाने की संभावना और भारत के इतिहास की एक करवट

भारतीय मूल के 42 वर्षीय ब्रिटिश राजनेता ऋषि सुनक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री की रेस में बने हुए हैं। ब्रिटेन की सत्ता के सबसे ताकतवर शख्स की रेस में किसी मूल रूप से भारतीय का होना पूरी दुनिया में सबसे बड़ी खबर है जबकि भारत के लिए इतिहास के एक नए सिरे के खुलने की तरह है- भारत अंग्रेजों की 200 सालों की गुलामी के बाद जब 15 अगस्त 1947 में आजाद हुआ तो उस उपमहाद्वीपीय देश की स्वतंत्रता कई मायनों में संदेह के घेरे में थी। दुनिया देख रही थी कि आजाद हो रहा हिंदुस्तान आखिर किन लोगों के हाथों, किस दिशा में आगे बढ़ेगा। भरोसा मजबूत नहीं था और पूरा भारत एक तरह से अंधकार में दिखाई पड़ता था। एक दौर ऐसा भी था जब दुनियाभर के अखबार और मीडिया भारत की आजादी और आजादी के बाद के भारत को लेकर नक्शा खींच रहे थे। कहा जाए तो नुक्ताचीनी कर रहे थे ऐसे में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने कहा था- सत्ता धूर्तों, दुष्टों और बदमाशों के हाथों में जाएगी। भारत के सभी नेता कम क्षमता वाले और कमजोर लोग हैं। इनके पास इनकी मीठी जुबान है लेकिन ये दिल से मूर्ख हैं। ये सत्ता के लिए आपस में लड़ेंगे और भारत राजनैतिक झगड़ों में फंस जाएगा। एक दिन ऐसा भी आ सकता है जब भारत में हवा और पानी पर भी टैक्स लगाया जाएगा।बाहरहाल, ये अतीत की वे बातें है जिन्हें 21वी सदी के भारत में सालों पहले भुलाकार उननति की राह पर आगे बढ़ गया है। और इतना आगे बढ़ गया है कि आज जबकि देश आजादी के 75 साल बाद, अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, उसी समय भारतीय मूल के 42 वर्षीय ब्रिटिश राजनेता ऋषि सुनक ब्रिटेन में प्रधानमंत्री की रेस में बने हुए हैं। ब्रिटेन की सत्ता के सबसे ताकतवर शख्स की रेस में किसी मूल रूप से भारतीय का होना पूरी दुनिया में सबसे बड़ी खबर है। नागों, सांपों, सपेरों के देश की उपमाओं से नवाजे जाने वाले एक राष्ट्र का कोई ऋषि नाम की शख्सियत का केवल ब्रिटेन की पीएम की रेस में शामिल होने की आहट इतना व्यापक है तो जरा सोचिए जिस दिन ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए उस दिन इतिहास का एक सिरा पलट जाएगा और वह अपने नये अध्यायों की ओर बढ़ जाएगा।ये और बात है कि ऋषि सुनक का पीएम बनकर भारत के प्रति अपनी नीतियों, योजनाओं और हितों को लेकर रुख अलहदा हो जाए लेकिन उनका पीएम बन जाना एक बड़ी खबर होगी जिसके दो ओर इतिहास अपनी करवट लिए बैठेगा। ऋषि सुनक की दुनिया और ब्रिटेन ऋषि सुनक कंजरवेटिव पार्टी के सदस्य हैं और 2020 में बोरिस जॉनशन की सरकार में वित्त मंत्री बने थे। जॉनसन के खिलाफ पार्टी में असंतोष बढ़ने के बाद उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया था। इस्तीफ़ा देते हुए उन्होंने कहा था कि लोग सरकार से उम्मीद करते हैं कि वह गंभीरता और ठीक से काम करे।2015 से यॉर्कशर के रिचमंड से कंज़र्वेटिव सांसद चुने जा रहे सुनक का जन्म हैंपशर के साउथहैम्टन में हुआ था। विंचेस्टर कॉलेज में पढ़ाई के बाद उन्होंने ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय से दर्शन, राजनीति और अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। उन्हें स्टैंडफ़ोर्ड विश्वविद्यालय से भी डिग्री हासिल है। राजनीति में आने से पहले उन्होंने इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स में काम किया और एक निवेश फर्म को भी स्थापित किया। वित्त मंत्रालय का प्रभार मिलने से पहले वे आवास, समुदाय और स्थानीय सरकार मंत्रालय में संसदीय अवर सचिव थे। भारत में जड़ें और भारतीयता ऋषि सुनक के दादा दादी का जन्म भारत में हुआ था और बाद में वे लोग पूर्वी अफ़्रीका चले गए थे। सुनक के पिता का जन्म केन्या में हुआ था जबकि माता उषा सुनक का जन्म तनजानिया में हुआ था। 1960 के दशक में सुनक के दादा-दादी ब्रिटेन आ गए। ऋषि सुनक 12 मई 1980 को साउथेम्प्टन में पैदा हुए थे। सुनक ने 2015 में यॉर्कशायर में रिचमंड की एक सुरक्षित टोरी सीट जीतकर राजनीतिक पारी शुरू की थी। इसके अलावा, सुनक, इन्फोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद हैं। उन्होंने अक्षता मूर्त से साल 2009 में शादी की थी. बेंगलुरु में दोनों की शादी हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। अक्षता मूर्ति के पास इंफोसिस के शेयर हैं और उनकी निजी संपत्ति का मूल्य ब्रिटेन की महारानी की संपत्ति से भी अधिक है. ऋषि सुनक ब्रिटेन में हाउस ऑफ कॉमन्स (लोकसभा) में सबसे अमीर लोगों में से हैं यह उनके लिए मुसीबत भी बन सकती है।

# विंध्य में फिल्म फ्रेंडली माहौल, अवसर मिले तो बन सकता है बड़ा सेंटर.....

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**रीवा।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा में मध्यप्रदेश को फिल्म फ्रेंडली स्टेट का अवार्ड मिला है। बीते कुछ वर्षों से फिल्मों को प्रोत्साहन देने के मामले में प्रदेश में बेहतर काम हुआ है। कई बड़े बैनरों की फिल्मों की शूटिंग भी मध्यप्रदेश में हुई है। इस मामले में विंध्य क्षेत्र संसाधनों से परिपूर्ण है लेकिन जरूरत के अनुसार यहां अवसर ही नहीं मिला है। प्राकृतिक, धार्मिक



और ऐतिहासिक स्थलों की संख्या यहां पर्याप्त है। जहां पर बड़ी फिल्मों का निर्माण भी किया जा सकता है। इस ओर न तो सरकार ने ध्यान दिया और न ही स्थानीय स्तर पर मांग उठी। इसके पहले ङ्क्षवध्य के कई स्थल और यहां के घटनाक्रम फिल्मी पर्दे पर आ चुके हैं। अपार संभावनाओं वाले इस क्षेत्र में अब फिल्म निर्माताओं और कलाकारों के लिए संसाधन भी बढ़े हैं। वर्षों पहले बिंदिया बंदूक जैसी फिल्म रीवा जिले के कई हिस्सों में फिल्माई गई थी तो कुछ साल पहले वेलकम टू सज्जनपुर जो सतना जिले के सज्जनपुर गांव की कहानी ही थी। इसके अलावा चित्रकूट के दृश्य भी कई बार पर्दे पर सामने आ चुके हैं। अब मध्यप्रदेश में फिल्मों के अनुकूल माहौल तैयार किया जा रहा है तो विंध्य को उसका केन्द्र बनाने की मांग भी उठने लगी है। बघेली और बुंदेली की लोक कला, संस्कृति कुछ ही दूरी के अंतराल में उपलब्ध है। यहां पर वेबसीरीज के लिए कई लोगों ने शूटिंग की तैयारी भी की है।मध्यप्रदेश को फिल्म फ्रेंडली स्टेट का अवार्ड मिलने के बाद रीवा सहित विंध्य में बढ़ी संभावनाएं हर तरह की लोकेशन यहां मौजूद रीवा सहित आसपास के जिलों में फिल्मों की जरूरत के हिसाब से हर तरह की लोकेशन है। कई बड़ी नदियां, पहाड़, जंगल, जल प्रपात, पुरातात्विक धरोहरें, ऐतिहासिक स्थलों के साथ ही चौड़ी सड़कें, मैदान, गांव, शहर, धार्मिक स्थल आदि मौजूद हैं। सामान्य तौर पर फिल्मों में यही जरूरतें होती हैं। रीवा सहित पूरे विंध्य में अब तक बड़ी फिल्मों की शूटिंग नहीं हो पाने का कारण आवागमन की सुविधा की कमी को माना जाता रहा है। अब रेल एवं सड़क मार्ग के साथ ही एयरपोर्ट भी तैयार हो रहा है। जिससे आने वाले दिनों में असुविधाएं नहीं होंगी। गोविंदगढ़ में हेरिटेज होटल के साथ ही शहर में कई होटल भी बन चुके हैं जहां पर कलाकारों और फिल्मकारों को ठहराया जा सकता है फिल्म बनाने के लिए यह स्थान हो सकते हैं आकर्षक रीवा- जल प्रपातों में पुरवा, क्योंटी, चचाई, बहुती, बेलौंही, टोंस वाटरफाल, घिनौचीधाम के साथ ही छुहिया घाटी, खंधों, गोविंदगढ़, मोहनिया घाटी, भैरवनाथ एवं पहाड़ी क्षेत्र, सोलर प्लांट क्षेत्र बदवार, नेशनल हाइवे, रीवा किला, रानीतालाब मंदिर, चिरहुला मंदिर, लक्ष्मणबाग, महामृत्युंजय मंदिर, वेंकट भवन, बैजू धर्मशाला, क्योंटी किला सहित कई ऐसे स्थान हैं जहां फिल्मांकन किया जा सकता है। सतना-- शहर के कई प्रमुख स्थल, मैहर शारदा मंदिर, चित्रकूट धाम, धारकुंडी, रामवन, नागौद किला, परसमनिया पहाड़, गृद्धकूट पर्वत, पननेखोह, भरहुत, औद्योगिक संस्थान सहित अन्य कई ऐसे स्थान हैं जहां फिल्में बनाई जा सकती हैं। सीधी- यहां पर सोन नदी और घड़ियालों का अभयारण्य, सिंह मृग अभयारण्य बगदरा, संजय टाइगर रिजर्व, गुलाब सागर, चंदरेह, भंवरसेन, शिकारगंज, परसिली रेस्टहाउस के साथ ही कई पहाड़ और जंगल भी अनुकूल हैं। आदिवासी क्षेत्रों के गांव भी हैं। सिंगरौली- माड़ा की गुफाएं और जिले के कई हिस्सों के जंगलों के साथ ही बड़े औद्योगिक संस्थानों में भी अनुमति लेकर फिल्मों की शूटिंग की जा सकती है। इन सभी ने कही ये बात विंध्य क्षेत्र फिल्म फ्रेंडली सेंटर हो सकता है। यहां खजुराहो से पनन, नागौद और सतना के आसपास मंदिर एवं घाटियां, हवेलियां मौजूद हैं। बांधवगढ़ पूरा क्षेत्र शूटिंग के अनुकूल है। साथ ही सीधी का संजय राष्ट्रीय उद्यान और वहां से लेकर परसिली, शिकारगंज आदि का पूरा ट्रैक ऐसा है कि हालीवुड फिल्म भी शूट हो सकती है। गोविंदगढ़, छुहिया, रीवा आदि में कई स्थान प्रमुख हैं। इन्हें अवसर की जरूरत है। पुष्पराज सिंह, पूर्व मंत्री विंध्य की धरती विविधता से भरी हुई है, यहां फिल्मों के अनुकूल वातावरण है। जिस तरह से आउटडोर शूटिंग के लिए लोकेशन की जरूरत होती है, वह सब मौजूद है। सरकार के स्तर पर सुविधाएं देकर फिल्मकार बुलाए जाएं तो रोजगार के अवसरों के साथ ही स्थानीय कलाकारों को अवसर मिलेंगे। उमेश मिश्र, निदेशक तीन पांच फिल्म रीवा विंध्य में प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के साथ ही कला-संस्कृति का भी फिल्मों में उपयोग हो सकता है। यहां कम खर्चे में ही फिल्मों के सेट बनाए जा सकते हैं। सीधी में विंध्य फिल्म महोत्सव का आयोजन हम लगातार कर रहे हैं, जहां पर फिल्मकार आते हैं उन्होंने भी वातावरण देखकर इच्छा जाहिर की है। इस क्षेत्र को फिल्म फ्रेंडली सेंटर के रूप में विकसित करना चाहिए। प्रवीण सिंह चौहान, विंध्य अंतरराष्ट्री फिल्म महोत्सव के आयोजक अब तो बहुत आसान है फिल्मों का निर्माण, कम्प्यूटर का खेल होता है। अब हर दृश्य घर के भीतर ही मिल रहे हैं। यहां पर छोटी-फिल्में बन रही हैं। सोशल मीडिया में लाखों लोग देख रहे हैं। प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थल यहां के महत्वपूर्ण हैं। विंध्य को फिल्म निर्माण का प्रमुख केन्द्र बनाया जा सकता है।












# छत्तीसगढ़ के दुर्गापाल जगरगुंडा एक्सेस पर सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ की 74वीं वाहिनी की टुकड़ी

24 अप्रैल 2017 को छत्तीसगढ़ के दुर्गापाल जगरगुंडा एक्सेस पर सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ की 74वीं वाहिनी की टुकड़ी पर बुर्कापाल गांव के नजदीक माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। अचानक हुई इस भीषण गोलीबारी में टुकड़ी कमांडर निरीक्षक रघवीर सिंह और सिपाही अभय मिश्रा माओवादियों के हमले का मुंहतोड़ जवाब देते रहे। तभी माओवादियों ने दूसरी ओर से भीषण विस्फोट के बाद गोलियों की बौछार शुरू कर दी। इस हमले में निरीक्षक रघवीर सिंह और सिपाही हमला कर गोलीबारी शुरू कर दी। वहां तैनात सहायक उपनिरीक्षक निरोद शर्मा ने गोलियों की बौछार के बीच हमलावर आतंकवादी पर जवाबी हमला किया। गुथम गुत्था की लड़ाई में उन्होंने उस आतंकवादी को मार गिराया। हालांकि वे खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। इनके द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई ने एक भीड़भाड़ वाले इलाके में हुए भीषण गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होने दिया। इनके द्वारा प्रदर्शित अतुलनीय पराक्रम, असाधारण वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान के लिए निरीक्षक एन प्रेमजीत सिंह, हवलदार सत्तारू लक्ष्मणा, हवलदार हरेन्दर यादव व सिपाही निर्मल शर्मा को वीरता पदक से सम्मानित किया गया। सात अक्तूबर 2019 को जम्मू कश्मीर के अवंतीपुरा में पंचराम के नजदीक आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर 185 बटालियन सीआरपीएफ की काउंटर टेररिज्म टीम के निरीक्षक ओमप्रकाश कुम्भार और सिपाही सोहन वीर सिंह ने लगभग 24 घंटे से भी ज्यादा देर तक चली मुठभेड़ में दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया।



अभय मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। वे दोनों अपने दल का हौसला बढ़ाते रहे। उनके अंतिम शब्द थे, 'तुम लोग मोराल मत डाउन करना, हम लड़ेंगे'। निरीक्षक रघुवीर सिंह और सिपाही अभय मिश्रा वीरगति को प्राप्त हुए। इसी अभियान में सिपाही अंजनी कुमार पांडे ने अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन किया। अभियान दल द्वारा दो माओवादियों को मार गिराया गया। शहीद निरीक्षक रघवीर सिंह की धर्मपतनी वीर नारी बलजीत कौर ने वीरता पद प्राप्त किया। शहीद सिपाही अभय मिश्रा की धर्मपतनी वीरनारी रानी मिश्रा ने पदक ग्रहण किया। सिपाही अंजनी कुमार पांडे को भी वीरता पद से सम्मानित किया गया। 12 जून 2019 को जम्मू-कश्मीर में 116 बटालियन सीआरपीएफ की टुकड़ी विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बस स्टैंड अनंतनाग में तैनात थी। तभी स्थानीय नागरिकों की भीड़ का सहारा लेकर एक आतंकवादी ने सीआरपीएफ की टुकड़ी पर ग्रेनेड इन्हें मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। शहीद एसआई निरोद शर्मा की धर्मपतनी वीर नारी जोनाली देवी ने पदक ग्रहण किया। मई 2019 को जम्मू-कश्मीर के बारामुला केशोपुर क्षेत्र में 179 बटालियन एवं 92 बटालियन सीआरपीएफ ने आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। अभियान दल, जब ड्रोन कैमरे की मदद से तलाशी लेता हुआ टारगेट हाउस के नजदीक पहुंच रहा था, तभी घर में छुपे आतंकवादियों ने दल पर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक एन प्रेमजीत सिंह ने बहादुरी से अपनी टीम के साथ मिलकर इस भीषण मुठभेड़ में दो दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया। भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद बरामद किया गया। इस अभियान में इनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं उच्च कोटि के पराक्रम के लिए इन्हें वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया। इस अभियान में इनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, असाधारण पराक्रम एवं उच्च कोटि की बहादुरी के लिए इन्हें वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। 25 अप्रैल 2019 को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के बीजबेहरा क्षेत्र में हिज्बुल मुजाहिदीन आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर 90 बटालियन सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान चलाया। इस अभियान में जब संदीप क्षेत्र की तलाशी ली जा रही थी, तो स्थानीय नागरिकों ने एक घर में अत्याधुनिक हथियारों से लैस दो आतंकवादियों की उपस्थिति की पुष्टि की। त्वरित कार्रवाई करते हुए हेमंत कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ने अपनी टीम के साथ मिलकर भीषण मुठभेड़ में दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। हेमंत कुमार के अलावा उपनिरीक्षक पलविंदर सिंह, सिपाही सतनाम सिंह और सिपाही विकास राणा को वीरता पदक से सम्मानित किया गया है।

# वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत, जानें फ्री में कैसे देखें तीसरा वनडे

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरा मैच जीतकर भारतीय टीम सीरीज 3-0 से अपने नाम करना चाहेगी। इस सीरीज के दोनों मुकाबले काफी रोमांचक रहे हैं और भारत दोनों मैच करीबी अंतर से जीता है। ऐसे में तीसरा मैच भी रोमांचक होने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के बाद टीम इंडिया की निगाहें कैरिबियाई टीम का सूपड़ा साफ करने पर होंगी। भारतीय कप्तान शिखर धवन इस मैच में युवा खिलाड़ियों को मौका दे सकते है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मौका दिया जा सकता है। भारतीय टीम वेस्टइंडीज को लगातार वनडे सीरीज में हराने का विश्व रिकॉर्ड बना चुकी है। अब वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरा मैच जीतकर भारत अपना रिकॉर्ड और बेहतर करना चाहेगा। यह सीरीज अब तक बेहद रोमांचक रही है। दोनों मैच आखिरी ओवर में जाकर खत्म हुए और दो मैचों में ही 1200 से ज्यादा रन बन चुके हैं। ऐसे में तीसरा मैच भी बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। आइए जानते हैं इस मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकॉस्ट से जुड़ी सारी जानकारी कब होगा भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीसरा वनडे मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 27 जुलाई यानी बुधवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और वेस्टइंडीज के बीच मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीसरा वनडे मुकाबला त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल, पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा। कब शुरू होगा भारत और वेस्टइंडीज का मुकाबला भारत और वेस्टइंडीज के मैच में टॉस भारतीय समयानुसार शाम साढ़े छह बजे होगा और पहली गेंद सात बजे फेकी जाएगी। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच भारत-वेस्टइंडीज सीरीज के प्रसारण का अधिकार फैनकोड ग्रुप के पास है। टीवी में मैच का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा। डीडी स्पोर्ट्स चैनल के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है। ऐसे में आप बिना कोई पैसा दिए इस सीरीज के मैच देख सकते हैं। कहां देख सकते हैं लाइव मैच भारत-वेस्टइंडीज सीरीज के सभी मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में फैनकोड एप या फैनकोड वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इसके अलावा आप मैच से जुड़ी खबरें, लाइव अपडेट्स और रिकॉर्ड्स पर भी पढ़ सकते हैं दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 वेस्टइंडीज की संभावित टीम शाई होप (विकेटकीपर), ब्रैंडन किंग, शमराह ब्रूक्स, काइल मायर्स, निकोलस पूरन (कप्तान), रोवमैन पॉवेल, अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोती, जायडन सेल्स। भारत की संभावित टीम शिखर धवन (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), दीपक हुड्डा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा/आवेश खान/अर्शदीप सिंह।



## संक्षिप्त समाचार

### पेन्टर ने लगाई फांसी

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।** बहलोलपुर गांव में बुधवार रात 20 वर्षीय युवक राजू का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वह पेंटर का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में था।

### नौकरी न मिलने से परेशान छात्रा ने जान दी

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।**नौकरी न मिलने से परेशान छात्रा ने सदरपुर कॉलोनी में मंगलवार रात को आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस को मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पारस राम सदरपुर कॉलोनी में परिवार के साथ रहते है। उनकी एक 25 वर्षीय बेटी सीमा भारद्वाज है। सीमा ने रात करीब नौ बजे घर मे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक सीमा कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजा खोला। कमरे के अंदर सीमा का शव पंखे से बंधे फंदे से लटका था। फिर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद सेक्टर 39 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीमा बीए पास थी। वह पिछले काफी समय से नौकरी की तलाश में थी। उसने कई कंपनियों में अपना बायोडाटा भी भेज रखा था, लेकिन कई प्रयासों के बावजूद उसकी नौकरी नहीं लग रही थी। नौकरी न मिलने के तनाव के चलते छात्रा ने आत्महत्या कर ली।

### किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले को सात वर्ष की कैद

सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई। उस पर 55 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी बेटी (16) ने 16 फरवरी 2010 को जहर खा लिया जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। उस समय वह मिर्जापुर गया था और घर आने पर पता चला कि दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के खैराही गांव निवासी रवींद्र उर्फ अरविंद हमेशा बेटी से हंसी मजाक करता रहता था और उसे अपने पास बुलाया करता था। इसी से तंग आकर बेटी ने आत्महत्या कर ली। इस तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोषी करार देते हुए रवींद्र उर्फ अरविंद को सात वर्ष कैद और 55 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड जमा होने पर 40 हजार रुपये मुकदमा वादी को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण राय ने बहस की।

# मैहर देहात थाना क्षेत्र में खुला चैलेंज कर रहा भाटिया नादन क्षेत्र के हर गांव में घर-घर बिकवा रहा शराब

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**मैहर।**नादन क्षेत्र के सभी गांवों में किसकी सह से शराब घर घर पहुंचाई जा रही है एक ब्लैक गाड़ी बिना नंबर प्लेट की पेटी भर भर के शराब घर-घर पहुंचाई जा रही है यदि उससे कोई कहता है कि तुम किस की परमिशन से आते हो तो गाड़ी में बैठा मैनेजर बोलता है। शासन प्रशासन हमारी जेब में रहता है हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता हम ऐसे ही शराब बेचेंगे हमें कोई नहीं पकड़ेगा हर एक गांव में दो से तीन घर में शराब रखकर बिकवा रहा भाटिया अब देखना यह है कि आबकारी विभाग गावों में शराब बेचने का लाइसेंस दे रखी है या कोई एक्शन मोड़ करो तिलोरा, देवरा, मंगरौरा, बंशीपुर, बाठिया, बरहिया में खुलेआम बिक रही शराब बेचने वालों को प्रशासन का कोई डर नहीं रहता है।

# दैनिक श्रमिकों ने खोला मोर्चा

## व्हाइट टाइगर सफारी मुकुन्दपुर में दैनिक श्रमिकों को निकाले जाने पर नाराज़ श्रमिकों ने किया सफारी का घेराव

(आधुनिक समाचार सेवा)
दिनेश यादव

**सतना।** व्हाइट टाइगर सफारी मुकुन्दपुर में कार्यरत 35 से 40 श्रमिकों को निकाले जाने से नाराज़ श्रमिकों ने सफारी के सामने सुबह बाहर का रास्ता गुस्साए श्रमिकों ने जू के सामने बैठ कर किया घेराव श्रमिकों का कहना है सपथ हमारे पक्ष में ना होने के कारण हम लोगों ने सपथ पत्र नहीं जमा किया इस लिए हम 30 से चालिस श्रमिकों




से बैठे हैं बैठे श्रमिकों ने बताया की स्थित अधिकारियो द्वारा हम लोगों को प्रमाणित किया जाता है हम लोग 7 से 10 वर्षों से सफारी में सेवा दे रहे हैं कुछ दिनों जू प्रबंधन द्वारा हम लोगों से सपथ लिया जा रहा है कि निकाले जाने पर हम कोई न्यायालइन किसी प्रकार की कोई प्रक्रिया नहीं करेंगे और और ना ही बेतन बृद्धि सम्बन्धी माग नहीं करेंगे कई दिनों से बनाया जा रहा था दवाव आज जब श्रमिकों ने? नहीं जमा किया सपथ पत्र तो जू प्रबंधन ने श्रमिकों को दिखाया को जू से निकाला गया हम लोगों ने कोरोना काल तक में सेवा दी आज हमें निकाला गया हम अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे जू प्रबंधन हम लोगों के साथ गलत किया है और कई महीनों से बेतन तक नहीं दिया गया लगाया आरोप इससे पूर्व भी कर्मचारियों श्रमिकों को निकाला गया जिन्होंने न्यायालय की सरण ली यदि हमें सही न्याय नहीं मिलेगा तो हम सब न्यायालय की सरण लेंगे लेकिन अपने अधिकारों के लिए पीछे नहीं हटेंगे।

# कांग्रेस नेता द्वारा राष्ट्रपति को अपमान जनक शब्द कहने पर भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।** कांग्रेस सदन के नेता अधिरंजन चौधरी ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपशब्द कहा ! इसलिए कांग्रेस के नेता अधीर रंजन ने राष्ट्रपति जी के शर्म करो का स्लोगन लिखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन मे श्रीमती गिरीजा सिंह ,प्रदेश सोशल मिडिया प्रमुख श्रीमती सुचित्रा कक्कड़ , महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी , महामंत्री श्रीमती मधुमेरा , महामंत्री श्रीमती



लिए जो अपशब्द कहे हैं और उन्हें अपमानित करने का जो काम किया है उनका विरोध भाजपा ,महिला मोर्चा,नोएडा महानगर के प्रत्येक मंडल मे महिलाओ ने हाथों में छोटी-छोटी तख्तियां लेकर उन पर स्लोगन लिखकर जैसे, महा महिम राष्ट्रपति जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, अधीर रंजन माफी मांगो माफी मांगो, सोनिया गांधी शर्म करो शर्म करो, राहुल गांधी शर्म करो शिवानी शारद , कोषाध्यक्ष श्रीमती राजश्री , नीता बाजपेयी मीडिया प्रभारी (भाजपा महिला मोर्चा ) के साथ जिले की सभी पदाधिकारी बहनें उपस्थित रही। विरोध प्रदर्शन मे श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती रेनूबाला, श्रीमती पूनम सिंह , श्रीमती इंदू ,श्रीमती शिव कुमारी,श्रीमती उषा किशोर , श्रीमती पूनम राघव , श्रीमती मीना दीवाकर आदि ने विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया।

# ब्रम्हचारी कुटी मे शिव रात्रि का पर्व बडे धाम धाम से मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।** सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में शिवरात्रि के पावन मौके पर भगवान शिव का विधि विधान से अभिषेक व पूजन कराया गया। पंडित महेश पाठक शास्त्री एवं पंडित मनोहर दीक्षित शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह 4 बजे से भगवान शिव का दुग्धधारा से अभिषेक कराया गया। रुद्राभिषेक के बाद भगवान शिव का श्रृंगार किया गया और आरती की गई। इस दौरान कांवड़ियों एवं शिवभक्तों ने भगवान शिव का जल से अभिषेक एवं पूजन किया । मंदिर परिसर में मंगलवार को रामचरितमानस का अखण्ड पाठ शुरू हुआ जिसका शिवरात्रि के पावन अवसर पर विराम हुआ। इसके उपरांत हवन पूजन किया गया जिसमें सभी देवी देवताओं को आहुतियां दी गईं। आरती के बाद प्रसाद वितरित हुआ। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भगवान शिव सबका कल्याण करने वाले हैं जो भक्त शिव की प्रेम के साथ आराधना करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। भगवान शिव को बिल्वपत्र अति प्रिय है जो मनुष्य शिव जी को बिल्व पत्र अर्पित करता हैं उसे अनंत गुना पुण्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर कुटी व्यवस्थापक पिंटू बाबा, अनमोल झा, बाबा हलवाई, पंडित अनिल मिश्रा, पंडित महिपाल शर्मा, अशोक कुमार, ओम कुशवाहा, सुरेंद्र यादव, नेपाल चौहान, पुष्पेंद्र बंसल , मंगू त्यागी सहित तमाम भक्तजन मौजूद रह।



# स्कूल जा रही बच्ची से रास्ते में किया रेप

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।** वेव सिटी के पास सुबह स्कूल से जा रही 13 वर्षीय छात्रा के साथ एक आरोपी ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने छात्रा को एक पेड़ का पत्ता तोड़ने के बहाने बुलाया और फिर वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तारी के बाद अदालत ले जाने के दौरान उसने भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसके पैर में गोली मारी, जिससे वह घायल हो गया। आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडीसीपी रणविजय सिंह के अनुसार, पीड.िता के पिता ने बताया कि उसकी बेटी सातवीं कक्षा में पढ़ाई करती है। वह सुबह साइकिल से स्कूल जा रही थी। जब वह वेव सिटी के पास पहुंची तो एक युवक ने उसे रोक लिया। आरोपी ने किशोरी से कहा कि उन्हें पूजा सामग्री के लिए पपीते के पेड़ का पत्ता चाहिए। पंडित ने बोला है कि पत्ता किसी लड़की के हाथ ही टूटना चाहिए। इस पर किशोरी उसकी बातों में आ गई। आरोपी उसे अपने साथ झाड.ियों में ले गया और दुष्कर्म किया। तभी किशोरी ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान थानाक्षेत्र के गांव मोरना निवासी 20 वर्षीय सनी के रूप में हुई है। वह मूलरूप से अलीगढ़ के गांव इगलास का रहने वाला है। पोक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# सपा सदस्यता अभियान के तहत लोगों को समाजवादी पार्टी में जोड़ने का काम करें - संजय गर्ग

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा सपा के पूर्व मंत्री व विधायक संजय गर्ग को नोएडा सदस्यता अभियान का प्रभारी समाजवादी नीतियों को पहुंचाना है और वर्तमान सरकार की सारी गलत नीतियों को लोगों के बीच बताना है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को समाजवादी पार्टी में जोड़ने का काम करना है, दीपक विग ने कहा कि सपा



बनाया गया है, इसी कड़ी में आज नोएडा में एक औपचारिक बैठक निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दीपक विग के अध्यक्षता में की गई, मुख्य अतिथि के रूप में सपा के पूर्व मंत्री व विधायक संजय गर्ग शामिल हुए व विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा नोएडा के पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी शामिल हुए, पूर्व मंत्री व विधायक संजय गर्ग ने कहा कि आज वर्तमान सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है देश व प्रदेश में लगातार बेरोजगारी दर बढ़ती जा रही है युवा निराश है किसान परेशान है , छोटे व्यापारी मरे जा रहे हैं कानून व्यवस्था बिल्कुल लचर हो चुकी है लेकिन सरकार आज कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है समाजवादी कार्यकर्ताओं को जन जन तक के सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से लगकर जगह-जगह कैंप लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को समाजवादी पार्टी में जोड़ने का काम करना है, सुनील चौधरी ने कहा की जितने लोग समाजवादी पार्टी से जुड़ेंगे उतनी ही समाजवादी पार्टी मजबूत होगी सभी कार्यकर्ताओं को ज्यादा ज्यादा लोगों को जोड़कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करना है आज की बैठक में मौजूद मुख्य लोगों में संजय गर्ग ,दीपक विग, सुनील चौधरी, विपिन अग्रवाल,गौरव चाचरा ,शकील सैफी ,गौरव कुमार यादव, सुनीता शारदा अतुल यादव बिलाल बरनी, हरमीत आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उप श्रम आयुक्त ने की शॉपिंग मॉल के अधिकारियों एवं आई.आई.ए. संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप पूरे प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा



कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सुहास एल.वाई. के नेतृत्व में अधिकारियों के द्वारा निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आज उप श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर में स्थित शापिंग माल के अधिकारियों एवं आई0आई0ए0 संगठन के पदाधिकारियों के साथ वृहद बैठक की गई। आयोजित बैठक में अभिषेक पंप्रति मोदी माल, विकास कुमार लोजिक्स माल, अभिजीत चौधरी देव माल, सैय्यद समरीन जी0आई0पी0 माल एवं गार्डन गैलेरिया सिबली खान एवं सुरिन्द्र सिंह माल आफ इण्डिया की ओर से उपस्थित हुए। धर्मेन्द्र कुमार सिंह, उप श्रम आयुक्त, गौतमबुद्धनगर द्वारा समस्त शापिंग माल के उपस्थित पदाधिकारियों का श्रम कार्यालय में स्वागत करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव को हर्षोउल्लास के साथ मनाये जाने के लिए प्रेरित किया गया। डी0एल0एफ0 माल के उपस्थित पदाधिकारी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर डी0एल0एफ0 माल आफ इण्डिया सेक्टर-18, नोएडा में की जाने वाली कायर्योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए, उसका प्रदर्शन किया तथा उक्त उत्सव को पूर्ण उल्लास एवं सावधानी के साथ मनाने की बात कही गई उप श्रम आयुक्त द्वारा अन्य उपस्थित माल के पदाधिकारियों से भी आजादी के अमृत महोत्सव / आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर देश प्रेम को प्रदर्शित करते हुए एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाये जाने की प्रेरणा दी गई। गार्डन गैलेरिया माल के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा भी बताया गया कि उनके प्रतिष्ठान स्तर पर भी आजादी के अमृत महोत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने की कायर्योजना बनायी गयी है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को उप श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर द्वारा श्रम कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए उनका पालन करने की भी सलाह दी गई। साथ ही प्रतिष्ठान में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों को श्रम सुविधाएं देते हुए उनसे शासन की मंशा के अनुरूप कार्य लिये जाने का परामर्श दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों से उप श्रम आयुक्त द्वारा अपील की गई कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए अपने-अपने प्रतिष्ठान स्तर पर तिरंगा फहराते हुए प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों को तिरंगा झण्डा फहराये जाने के लिए जागरूकता के माध्यम से प्रेरित करें। साथ ही प्रतिष्ठान में कार्यरत श्रमिकों को इस के लिए भी जागरूक किया जाए कि वह अपने घरों एवं घरों के आस-पास के आवासीय क्षेत्र में तिरंगा झण्डा फहराये, जिससे आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को वृहद स्तर पर सफल बनाया जा सके। अन्त में उप श्रम आयुक्त धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की गयी।

# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आईआईएमटी कॉलेज में हुआ बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडो।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप शासन के निर्देशों के क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश के समस्त जनपदों में बिजली के क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों से आम नागरिकों को अवगत कराने एवं विद्युत विभाग के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभाथियों तक पहुंचाने व भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास की सम्भावनाओं का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में 25 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जनपद गौतम बुद्ध नगर में जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में आईआईएमटी कॉलेज ग्रेटर नोएडा के सभागार में बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा एवं जेवर क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र, मुख्य अभियंता विद्युत विभाग वीरेन्द्र नाथ सिंह, संयुक्त निदेशक विद्युत विभाग मनोज कुमार जायसवाल, अधीक्षण अभियंता प्रथम नोएडा विद्युत विभाग संजीव कुमार वैश्य तथा वरिष्ठ अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश की दिशा एवं दशा दोनों बदल रही है। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को खेती करने के लिए बिजली का इंतजार करना होता था और रात में अपने खेतों की सिंचाई करनी पड़ती थी, परंतु देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति को 12 घंटे से बढ़ाकर 22 घंटे कर दिया गया है, अब ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को रातों को जाग जाग कर अपने खेतों में सिंचाई करने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आहवान करते हुये कहा कि हम लोगों के पास बिजली एवं जल सीमित मात्रा में है, इसलिए हम लोगों को



बिजली व जल के अनावश्यक प्रयोग से बचना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा विद्युत विभाग के माध्यम से विभिनन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर पात्र लाभार्थी विकासपथ पर अग्रसर हो रहे हैं। इस अवसर पर माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा एवं जेवर क्षेत्र के माननीय विधायक धीरेंद्र सिंह के द्वारा सौभाग्य योजना के लाभाथियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्युत विभाग के संयुक्त निदेशक/ जिला नोडल अधिकारी एम0के0 जायसवाल के द्वारा विद्युत विभाग विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि वर्ष 2014 में उत्पादन क्षमता 248554 मेगा वाट से बढ़ाकर वर्तमान में 400000 मेगावाट हो गई है, जोकि हमारी मांग से 185000 मेगावाट अधिक है एवं भारत अब अपने पड़ोसी देशों को भी बिजली निर्यात कर रहा है। पारेषण लाइनों में 163000 सीकेएम वृद्धि की गई, जो पूरे देश को एक फ्रीक्वेंसी पर चलने वाले ग्रिड से जोड़ती है। लद्दाख से कन्याकुमारी तक और कच्छ से म्यांमार की सीमा तक यह दुनिया में सबसे बडे. एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। उन्होंने बताया कि हम ग्रिड का उपयोग करके देश के किसी भी कोने से दूसरे कोने तक 112000 मेगावाट विद्युत पहुंचा सकते है। हमने कॉप 21 में वादा किया था कि 2030 तक हमारी 40 प्रतिशत उत्पादन क्षमता नवीकरणीय उर्जा स्त्रोतों से होगी। हमने तय समय सीमा से 9 वर्ष पूर्व नवंबर 2021 तक यह लक्ष्य हासिल कर लिया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में हम नवीकरणीय उर्जा से 163000 मेगावाट विद्युत का उत्पादन कर रहे है एवं हम विश्व में तेज गति से नवीकरणीय उर्जा क्षमता संस्थापित कर रहे है। 201722 करोड़ रूपये के कुल परिव्यय के साथ हमने पिछले पांच वर्षो में 2921 नए सब स्टेशन का निर्माण 3926 सब स्टेशनों का संवर्धन 604465 सीकेएस एलटी लाइनों का संस्थापन 11 केवी की 268838 एचटी लाइनों का संस्थापन 122123 सीकेएम कृषि फीडरों का फीडर पृथककरण और संस्थापित करके वितरण अवसंरचना को सुदृ.ढ़ किया है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत विभाग ने नया कनेक्शन प्राप्त करने की अधिकतम समय सीमा निर्धारित की है एवं रूफटॉप सोलर को अपनाकर उपभोक्ता अब उत्पादक भी बन सकते हैं। समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जाएगी तथा मीटर संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए भी समय सीमा निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता शिकायतों के समाधान के लिए डिस्कॉम के माध्यम से 247 के कॉल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2018 में 987 दिनों में गांव का 100 प्रतिशत का विद्युतीकरण करते हुए 18374 गांवों तक बिजली पहुंचाने की कार्रवाई की गई है तथा लोगों के लिए सोर पंपों का उपयोग शुरू करने के लिए योजना बनाई गई, जिसके तहत केंद्र सरकार 30 प्रतिशत और राज्य सरकार 30 प्रतिशत सब्सिडी देगी, इसके अलावा 30 प्रतिशत ऋण की सुविधा विद्युत विभाग के माध्यम से दी जाएगी।

# 13 देशों में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं पवनदीप राजन

**नई दिल्ली ।** दो रियलिटी शो के हैं विनर पवनदीप राजन देश के सबसे चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो में से एक इंडियन आइडल के विनर रहे हैं। वह अपनी गायकी से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। पवनदीप का जन्म उत्तराखंड के चंपावत में हुआ था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी पवनदीप का संगीत के प्रति लगाव बचपन से ही था। उनके टैलेंट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गायकी के साथ वह कई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स भी बजा लेते हैं। पवनदीप को संगीत विरासत में मिला है। उनके पिता सुरेश राजन और ताऊ सतीश राजन ने बचपन से ही उन्हें संगीत की तालीम दी। उनके दादा रति राजन भी अपने समय के प्रसिद्ध लोकगायक थे। उनके पिता कुमाऊं के मशहूर सिंगर हैं। वहीं, उनकी नानी भी लोक गायिका थीं। इसके अलावा उनकी बहन ज्योतिदीप भी एक सिंगर हैं। पवनदीप ने बहुत कम्र उम्र से ही तबला बजाना शुरू कर दिया था।



इस हुनर को उनके पिता ने बचपन में ही पहचान लिया और आज वह पियानो से लेकर ढोलक, ड्रम, कीबोर्ड और गिटार जैसे कई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बड़े ही आसानी से बजा लेते हैं। पवनदीप को अगर टैलेंट का खजाना कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बेहतरीन आवाज के मालिक पवनदीप ने जिस किसी भी प्रतियोगिता में भाग लिया है उसमें वह हमेशा अव्वल ही आए हैं। साल 2015 में उन्होंने 'द वॉयस' नाम के रियलिटी शो में हिस्सा लिया था। इस शो में न सिर्फ उन्होंने जजों का दिल जीता बल्कि इसके विनर भी बने। छह साल बाद वह देश के मशहूर रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' में भी नजर आए। इस शो में भी उन्होंने झंडे गाड़े और सभी को पीछे छोड़ पहले स्थान पर रहे। पवनदीप विदेशों में कई लाइव परफॉर्मेंस दे चुके हैं। यंग एज में इतने सारे शोज करने के लिए उन्हें यूथ एम्बेसडर ऑफ उत्तराखंड के खिताब से भी नवाजा जा चुका है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक वह 13 देशों और 14 राज्यों में 1200 से ज्यादा शोज कर चुके हैं।

# बरेली की बर्फी' से 'मिमी' तक इन बेहतरीन फिल्मों से कृति सेनन ने बॉलीवुड में छोड़ी अपनी छाप

**नई दिल्ली ।** बॉलीवुड की खूबसूरत और मशहूर अदाकार कृति सेनन हर साल 27 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाती हैं। ये अदाकारा अपनी खूबसूरती और अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर राज करती है। किसी भी फिल्मी परिवार से संबंध न होने के बावजूद आज वह बॉलीवुड का एक चमकता सितारा हैं। कृति ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। आज वह अपना 31वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास अवसर पर हम आपको उनके बारे में कुछ खास बातें और उनकी बेहतरीन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं। कृति सेनन का जन्म 27 जुलाई 1990 को दिल्ली में हुआ था। दिल्ली की रहने वाली कृति ने नोएडा के एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई की है। इस अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत तेलुगू फिल्म से की थी। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू नजर आए थे। इस फिल्म के बाद कृति सेनन ने टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती से बॉलीवुड में एंट्री मारी थी। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपने करियर में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में दी हैं। तो आज हम आपके लिए उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट लेकर आए हैं- राब्ता सुशांत सिंह राजपूत के साथ कृति सेनन की पहली फिल्म थी। ये एक लव स्टोरी थी जो कि पूर्वजन्म पर आधारित थी। इस फिल्म में कृति सेनन भी दो रोल में नजर आई थीं। भले ही पर्दे पर इस फिल्म को खास सफलता न मिल पाई हो, लेकिन कहानी और इसका म्यूजिक काफी अच्छा था जिसे सराहना मिली है। बरेली की बर्फी कृति सेनन बिट्टी मिश्रा के रोल में नजर आई हैं। इस फिल्म में उनके साथ आयुष्मान खुराना, पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव थे। ये फिल्म बरेली की साधारण सी लड़की की कहानी थी। बॉक्स ऑफिस पर बरेली की बर्फी को खूब प्यार मिला था। साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म लुका छिपी एक अलग कहानी पर आधारित थी। इस फिल्म की कहानी लिव इन रिलेशनशिप पर थी। लुका छिपी में कृति सेनन के साथ कार्तिक आर्यन नजर आए थे। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में मथुरा के रहने वाले गुड्डू को रश्मि से प्यार हो जाता है। गुड्डू रश्मि से शादी के लिए कहता है, लेकिन रश्मि शादी से पहले लिव इन में रहने की बात करती है और यहीं से कहानी में ट्विस्ट आता है। इस फिल्म को पर्दे पर दर्शकों ने खूब पसंद किया था। कृति सेनन की फिल्म पानीपत 2019 में रिलीज हुई थी। ये एक मल्टीस्टारर फिल्म थी। कृति सेनन ने इस फिल्म में पार्वती बाई का किरदार निभाया था जो कि दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म में कृति घुड़सवारी से लेकर तलवारबाजी और युद्ध तक करती नजर आई थीं। कृति सेनन मिमी में भी मुख्य किरदार में नजर आई थीं। कृति इस फिल्म में एक सरोगेट मदर की भूमिका में नजर आई हैं।





# मिस यूनिवर्स हरनाज का ट्रांसफॉर्मेशन देख लोगों के उड़े होश मोटापे की वजह हो चुकी हैं ट्रोल

**नई दिल्ली ।** हरनाज कौर संधू ने साल 2021 में मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम करके देश का नाम रौशन कर दिया था। हरनाज की जीत का जशन देशभर में मना था। सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों ने उन्हें मिस यूनिवर्स 2021 बनने पर बधाई भी दी थी। लेकिन मिस यूनिवर्स बनने कुछ समय बाद ही वह लोगों के निशाने पर आ गई थीं और इसकी वजह उनका बढ़ता हुआ वजन था। बीते दिनों देखा गया था कि हरनाज का वजन काफी बढ़ गया था, जिस वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया गया। लेकिन अब हरनाज ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से लोगों को चौंका दिया। दरअसल, हरनाज संधू ने सोशल मीडिया पर अपने ट्रांसफॉर्मेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिससे उन्होंने ट्रोल्र्स को करारा जवाब दिया है। इन तस्वीरों से हरनाज से साबित कर दिया कि वह एक फाइटर हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि हरनाज काफी फिट और ग्लैमरस लग रही हैं। एक तस्वीर में हरनाज ने गोल्डन कलर का खूबसूरत गाउन पहना हुआ है, जो ऑफ शोल्डर है। इस तस्वीर में हरनाज काफी ग्लैमरस लग रही हैं। हरनाज द्वारा शेयर की गई दूसरी तस्वीर में भी उन्होंने गाउन ही पहना हुआ है लेकिन इस तस्वीर में वह एक डॉल की तरह लग रही हैं।





हरनाज के आउटफिट से लेकर मेकअप तक पर फैंस की नजरें रुक गई हैं और फैंस इस तस्वीर में हरनाज की खूब तारीफ कर रहे हैं। फैंस उनका टोंड फिगर देख फिदा हो गए हैं। अब जो लोग हरनाज को ट्रोल कर रहे हैं वह तारीफ करने पर मजबूर हो गए होंगे। इन तस्वीरों पर फायर और हार्ट का इमोजी भेज रहे हैं। हरनाज संधू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने बढ़ते वजन पर बात की थी। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया था कि उन्हें सीलिएक नामक बीमारी है। उन्होंने कहा था कि मैं अपनी बॉडी की रिस्पेक्ट करती हूं। मुझे सीलिएक बीमारी है। मुझे ग्लूटेन से एलर्जी है। इस बयान से हरनाज ने अपने बढ़ते वजन की वजह बताई थी। हालांकि, अब उन्होंने खुद को फिट बना लिया है।

# शाहरुख के बाद 'डंकी' से सामने आया तापसी पन्नू का लुक, इस अंदाज में दिखे दोनों कलाकार

**नई दिल्ली ।** मेकर्स की टाइट सिक्योरिटी के बावजूद फिल्म के सेट से उनके कई फोटो लीक हो चुके हैं और अब एक बार फिर ऐसा ही कुछ हुआ है। इस बार शाहरुख खान के साथ-साथ



अभिनेत्री तापसी का भी फोटो लीक हो गया है। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के फैंस उन्हें लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं। शाहरुख खान बहुत जल्द फैंस को तीन बड़ी फिल्मों की सौगात देने जा रहे हैं, जिनमें से एक है राजकुमार हिरानी की अपकमिंग फिल्म 'डंकी'। इस फिल्म के लिए पहली बार राजकुमार हिरानी और शाहरुख ने हाथ मिलाए हैं। इतना ही नहीं तापसी पन्नू भी पहली बार ही 'डंकी' में बादशाह के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। दोनों ही अभिनेता इस समय लंदन में अपनी फिल्म की शूटिंग करने में व्यस्त हैं। शाहरुख पूरी कोशिश कर रहे हैं कि फिल्म से उनका लुक लीक ना हो। लेकिन उनकी और मेकर्स की टाइट सिक्योरिटी के बावजूद फिल्म के सेट से उनके कई फोटो लीक हो चुके हैं और अब एक बार फिर ऐसा ही कुछ हुआ है। इस बार शाहरुख खान के साथ-साथ अभिनेत्री तापसी का भी फोटो लीक हो गया है। यह लीक्ड फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है तापसी पन्नू का लुक हुआ लीक सोशल मीडिया पर एक बार फिर राजकुमार हिरानी की आगामी फिल्म 'डंकी' का एक फोटो लीक हो गया है। फोटो में शाहरुख के साथ तापसी पन्नू भी नजर आ रही हैं और इस फोटो को देखकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। लीक्ड फोटो में आप देख सकते हैं कि चेक शर्ट और ब्लैक पैंट पहने शाहरुख घुटनों पर बैठे हैं और उनके पास खड़ी तापसी से बातें कर रहे हैं। सामने आई इस फोटो से तापसी का भी लुक साफ हो गया है। तापसी ने फोटो में पिंक स्वेटर टॉप पहन रखा है और कंधे पर एक बैग भी टांग रखा है। लंदन के बाद पंजाब में होगी शूटिंग इस समय सोशल मीडिया पर यह तस्वीर छाई हुई है। शाहरुख के फैंस लगातार अपने फैन क्लब अकाउंट पर अभिनेता की तस्वीरें साझा कर रहे हैं। 'डंकी' के सेट से लगातार लीक होती फोटोज से राजकुमार हिरानी भी बहुत परेशान हो चुके हैं। लेकिन वह इसे रोक नहीं पा रहे हैं। गौरतलब है कि फिल्म की पूरी टीम जल्द ही लंदन का शूटिंग शेड्यूल खत्म कर भारत लौटने वाली है। भारत आने के बाद अगस्त के पहले हफ्ते में टीम पंजाब में शूटिंग करने के लिए निकलेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान मुंबई आएंगे और फिर पंजाब शूटिंग के लिए निकलेंगे। जब भागकर कार में बैठे शाहरुख इस तस्वीर से पहले इंटरनेट पर शाहरुख खान का एक वीडियो वायरल हुआ था। यह वीडियो भी 'डंकी' के सेट का ही था, जहां से पब्लिक के पहचानने के बाद शाहरुख मुंह छिपाकर भाग गए थे। वीडियो में अभिनेता फैंस से छिपते-छिपाते हुए गाड़ी में बैठ रहे हैं। शाहरुख अपने लुक छुपाने के कारण भीड़ से दूर जाने की कोशिश करते हुए फटाफट गाड़ी में बैठ जाते हैं। इस वीडियो में अभिनेता लाल रंग की जैकेट के साथ ब्लैक पैंट पहने हुए दिखा रहे हैं।

# 50 करोड़ के लिए 'शमशेरा' का संघर्ष जारी, 'मलयंकुंजू' और 'थैंक यू' की कमाई में आई गिरावट

**नई दिल्ली ।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों साउथ की फिल्मों का जलवा कायम है। इस शुक्रवार को बॉलीवुड की 'शमशेरा' साउथ की 'थैंक यू' और 'मलयंकुंजू' रिलीज हुई थी। जिसमें से थैंक यू और मलयंकुंजू तो टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक चल रही है। वहीं रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा की बात




करें तो ये पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई है। ओपनिंग डे पर ही औसत कमाई करने के बाद इस फिल्म का कलेक्शन वीकेंड पर और कम हो गया। कुल मिलाकर देखें तो शमशेरा चौथे दिन ही बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिर गई है। हालांकि इस फिल्म के जरिए रणबीर कपूर ने चार बाद वापसी की थी। ऐसे में अभिनेता से ये उम्मीद तो किसी को नहीं थी। खैर चलिए जानते हैं कि इस मंगलवार को कौन सी फिल्म पास रही और कौन सी फेल। चार साल बाद बड़े पर्दे पर लौटे रणबीर कपूर ने ये कभी नहीं सोचा होगा कि शमशेरा का ये हाल होगा। 150 करोड़ की लागत में बनी ये फिल्म पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो जाएगी। शमशेरा के सोमवार के आंकड़े भी बहुत खराब रहे हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, मंगलवार को शमशेरा के कलेक्शन में 70 फीसदी गिरावट देखी गई। फिल्म के सिर्फ 2.60 करोड़ कमाने की खबर है। इस हिसाब से फिल्म की कुल कमाई 37.35 करोड़ रुपये हो गई है। नागा चैतन्य की फिल्म थैंक यू एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में नागा चैतन्य के अलावा राशि खनन , मालविका नायर, अविका गौर, साई सुशांत रेड्डी और प्रकाश राज अहम भूमिकाओं में हैं। विक्रम कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर तकरीबन 2.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से पांचवें दिन फिल्म का कुल कलेक्शन 8.03 करोड़ हो गया है। मंगलवार को इस फिल्म की कमाई भी लाखों में सिमट गई है। 'मलयंकुंजू' फहाद फासिल की सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन साजिमोन प्रभाकरन ने किया है। इस फिल्म को काफी अच्छे रिव्यूज मिले हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म बढ़िया कमाई कर रही है। लेकिन मंडे टेस्ट में ये फिल्म भी फेल हो गई है। मंगलवार को मलयंकुंजू के आंकड़े सामने आ चुके हैं। पांचवें दिन इस फिल्म का कुल कारोबार 6.04 करोड़ रुपये हो चुका है।

# यूपी की मुख्यमंत्री बनी 'बिंदिया सरकार', 'महारानी' से पहले देखिए छोटे परदे की ये दिलचस्प कहानी

**नई दिल्ली ।** ओटीटी पर वेब सीरीज 'महारानी' का दूसरा सीजन आने से पहले ही किस्मत की करवट से एक महिला के मुख्यमंत्री बन जाने की एक दिलचस्प कहानी छोटे परदे पर प्रसारित होना शुरू हो गई है। ये कहानी उस युवती की है जो बड़ी बड़ी प्रॉब्लम के छोटे-छोटे शांतचित्त, मजाकिया और लापरवाह लड़की बिंदिया की असाधारण जीवन को बयान करेगी। वह एक खुशमिजाज शख्सियत है जिसके जीवन में बहुत अधिक महत्वाकांक्षाएं नहीं हैं। बिंदिया बहुत बात करती है, बहुत मददगार है और उसके पास हर समस्या के लिए 'घरेलू नुस्खा' करने में विश्वास रखता है। वह अपने सभी करीबी लोगों को अच्छे पदों पर स्थापित करता रहा है ताकि उसका काम सुचारू ढंग से हो सके। वह सभी महिलाओं की उपेक्षा करता है, चाहे वह उसकी पतनी हो या घर की बहूएं। वह चाहता है की सभी महिलाएं अनपढ़, भयभीत रहें। उसके



सॉल्यूशन्स देगी, हंसते खेलते राज्य को बना देगी रामराज्य। उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव की रहने वाली इस युवती का नाम है बिंदिया और धारावाहिक की कहानी के मुताबिक बिंदिया अपनी बुद्धि से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान उसी तरह कर सकती है जैसे उसने अपने घर के मुद्दों को हल किया है। धारावाहिक में बिंदिया का किरदार निभा रही हैं उभरती अदाकारा सोनल खिलवानी। फ्री टू एयर चैनलों में अपना खास स्थान बना चुके दंगल टीवी पर सोमवार से एक नए शो 'बिंदिया सरकार' का प्रसारण शुरू हुआ है। यह शो बिंदिया के आकस्मिक मुख्यमंत्री बनने और इसके कारण उसकी जीवन में होने वाले परिवर्तनों की कहानी है। इस शो में सोनल खिलवानी निभा रही हैं बिंदिया का किरदार, साथ में ध्रुव भंडारी, अमित बहल और अभिलाष चौधरी जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं धारावाहिक की कहानी के मुताबिक 'बिंदिया सरकार' उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव की एक है। उसका एकमात्र सपना अपने 'सपनों का राजकुमार' से वह लखनऊ में मिलना है। लेकिन यह सपना एक कठोर वास्तविकता में तब बदल जाता है जब वह एक राज्य की मुख्यमंत्री बन जाती है। धारावाहिक 'बिंदिया सरकार' बिंदिया को उसकी भूमिका में विकसित होते हुए दिखाता है। पहले तो वह अपनी शक्तियों की सीमाओं और विस्तार को समझने की कोशिश करती है और फिर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का प्रयास करने लगती है। धारावाहिक में अभय भारद्वाज का किरदार ध्रुव भंडारी निभा रहे हैं। वह मुख्यमंत्री का सुरक्षा प्रमुख है। मेहनती है और कर्तव्यपरायण है। अपने देश से प्यार करने वाला देशभक्त गुस्सैल भी है और अक्सर चिढ़ जाता है। धारावाहिक 'बिंदिया सरकार' में अभिनेता अमित बहल का किरदार भी काफी दिलचस्प है। वह इस धारावाहिक में कांतिलाल भारद्वाज के रूप में दिख रहे हैं। कांतिलाल पेशे से एक ठेकेदार है और वह राजनीतिक संपर्कों को प्रबंधित परिवार की महिलाएं कोई राय नहीं रखती और यदि रखती भी हैं, तो उनमें इसे उजागर करने का साहस नहीं है। वह परिवार में एक सत्तावादी है और उसके द्वारा ही आज तक सभी निर्णय लिए जाते रहे हैं।

# के जी एफ और आर आर आर के बाद दर्शकों को पसंद आई विक्रांत रोणा फिल्म को बताया 'मास्टरपीस'

**नई दिल्ली ।** बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों साउथ फिल्मों का बोलबाला है। साउथ की लगभग हर फिल्में टिकट खिड़की पर बेहतरीन साबित हो रही हैं। इसी क्रम में आज किच्चा सुदीप की पैन इंडिया फिल्म 'विक्रांत रोणा' रिलीज हो गई है। इस फिल्म में किच्चा सुदीप के साथ जैकलीन फर्नांडिस भी हैं। 'विक्रांत रोणा' का जमकर प्रमोशन हुआ है। इस फिल्म के प्रमोशन में बॉलीवुड के दबंग सलमान खान भी उतरे थे। रिलीज से पहले ही ये फिल्म काफी चर्चा में थी। वहीं अब रिलीज के बाद फिल्म सोशल मीडिया पर भी सुर्खियां बटोर रही है। तो चलिए जानते हैं दर्शकों ने इस फिल्म को कितने स्टार दिए हैं। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर ज्यादातर दर्शक इस फिल्म को



5 स्टार दे रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं दर्शक इस फिल्म की रिलीज को किसी त्योहार की तरह मना रहे हैं। बहुत से दर्शक इस फिल्म को देखने के लिए बेचैन हैं। लोगों को आरआरआर और केजीएफ के बाद ये बेहद शानदार फिल्म लगी है। फर्स्ट और सेकेंड हाफ दोनों में दर्शकों ने फिल्म को बढ़िया प्रतिक्रिया दी है। लोग इस फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक शख्स ने लिखा- मैंने हर भाषा में इस फिल्म का ट्रेलर देखा थ विक्रांत रोणा के मेकर्स और स्टार्स की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। फिल्म में लोगों को किच्चा सुदीप की एक्टिंग और उनका एक्शन बेहद पसंद आया है। विक्रांत रोणा एक पैन इंडिया फिल्म है, जो कि हिंदी समेत कुल पांच भाषाओं में रिलीज की गई है। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिली थी और अब ये फिल्म भी लोगों को काफी पसंद आ रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।







स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह













एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।



आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रस्तावित व्यवसायो मे अगस्त 2021मे प्रारम्भ होने वाले सत्र मे प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफिजरेशन एण्ड एयर कण्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया मे प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय मे सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए
visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274